CMYK

दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक : 118 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 18 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 पेज 8

## प्रदेश में विमुक्त घुमंतू और अर्ध घुमंतु जाति के विकास योजनाओं का प्रभावी रूप से हो रहा क्रियान्वयन : सीएम भजनलाल शर्मा

### प्रदेश के विमुक्त,घुमंतू और अर्ध घुमंतु समाज के लोगों ने बजट में विकास घोषणाओं को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शानदार स्वागत किया और देवी अहिल्याबाई होलकर के पोस्टर का विमोचन भी करवाया







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जब से भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में शासन की बागडोर अपने हाथ में ली है तब से ही उन्होंने अपने सरकारी मुख्यमंत्री निवास का दरवाजा हर जाति और बिरादरी के लोगों के लिए खुला छोड़ रखा है। पिछले सवा दो साल में प्रदेश सरकार की ओर से अब तक तीन बजट राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत किए गए और यह तीनों ही बजट काफी ऐतिहासिक और शानदार रहे और इन सभी बजट में मुख्यमंत्री शर्मा ने हर जाति और बिरादरी के लोगों के सर्वांगीण विकास और खुशहाली के लिए समान रूप से बड़ी-बड़ी घोषणाएं भी की। इसीलिए मुख्यमंत्री आवास पर समय-समय पर विभिन्न जातियों और संप्रदाय के लोग मुख्यमंत्री शर्मा का स्वागत सत्कार करने के लिए आ रहे हैं रविवार को भी प्रदेश के विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतु समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री आवास पर भजन लाल शर्मा का शानदार तरीके से स्वागत किया। समाज के लोगों में इस बात की काफी प्रसन्नता थी कि मुख्यमंत्री शर्मा ने उनके समाज के कल्याण और विकास के लिए बजट में कई बड़ी-बड़ी घोषणाएं की और उन घोषणाओं का क्रियान्वयन भी शानदार तरीके से हो रहा है इसलिए समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री शर्मा का रविवार को आभार प्रकट किया। इस मौके पर देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वी जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर पोस्ट का विमोचन भी किया गया इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विमुक्त घुमंतू और अर्ध घुमंतु जाति के लोगों से कहा कि सरकार उनके विकास और कल्याण के लिए लगातार सतत रूप से प्रयास कर रही है और बजट में जो घोषणाएं की गई है उनका प्रभावी रूप से क्रियान्वयन भी हो रहा मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार सभी जाति और बिरादरी के लोगों एक कल्याण उत्थान को प्राथमिकता दी हुई है और किसान, गरीब, युवा, मजदूर के विकास और कल्याण के लिए लगातार सतत रूप से कार्य कर रही है । उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वह सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं का अच्छी तरह से प्रचार प्रसार करें क्योंकि ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी ठीक तरह से नहीं है सरकार अपने स्तर पर योजनाओं का प्रचार प्रसार करवा रही है प्रशासन भी अपने स्तर पर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रचार लगातार कर रहा है लेकिन यह समाज के सभी समझदार लोगों का भी फर्ज बनता है कि वह कम से कम अपने समाज के लोगों को तो सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी जरूर दें ताकि जो लोग सरकार की योजनाओं का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं वह भी योजनाओं का फायदा उठा सकें । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुलाकात के दौरान लोगों से पेट्रोल और डीजल का काम से कम उपयोग करने के बारे में कहा उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेट्रोल और डीजल के कम उपयोग करने के संदेश को पूरे देश ने गंभीरता से लिया है। सरकारें और प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी भी मोदी की अपील पर कम से कम पेट्रोल और डीजल का उपयोग कर रहे हैं इसलिए राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र भावना को सर्वप्रथम ध्यान में रखते हुए यह सभी का फर्ज बनता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर गंभीरता से ध्यान दें ताकि विश्व स्तर पर पेट्रोल और डीजल को लेकर जो हालात बने हुए हैं उन हालातो का भारत मजबूती से मुकाबला कर सके उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत में पेट्रोल और डीजल को लेकर उतना संकट नहीं है जितना दुनिया के अन्य देशों में है लेकिन फिर भी भविष्य को ध्यान में रखते हुए हमें अभी से पेट्रोल और डीजल का काम से कम उपयोग करना है ताकि हमारा विदेशी मुद्रा भंडार भी ज्यादा खर्च नहीं होगा हमारा पर्यावरण भी ठीक रहेगा और पेट्रोल और डीजल की बचत भी हो सकेगी इसके अलावा आमजन को भी आर्थिक बचत होगी द्य विमुक्त घुमंतू और अर्ध घुमंतु जाति के के लोग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सहज सरल और मधुर व्यवहार देखकर काफी प्रभावित हुए क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा ने एक साधारण इंसान की तरह बड़े ही आत्मीय भाव से लोगों से मुलाकात की मुलाकात करने वाले समाज के लोगों को ऐसा लग ही नहीं कि वह प्रदेश के किसी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रहे हैं उन्हें ऐसा लगा जैसे वे अपने किसी घर के मुखिया से ही बातचीत कर रहे हैं इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा अपने व्यवहार भाव और बॉडी लैंग्वेज को लेकर विमुक्त घुमंतू और अर्ध घुमंतु जाति के लोगों में काफी देर तक चर्चा का विषय बन रहे बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश कला संस्कृति विरासत के संरक्षण और प्रचार प्रचार में विमुखतू घुमंतू और अर्ध घुमंतु समाज के लोगों का बहुत बड़ा योगदान है उन्होंने कहा कि समाज, प्रदेश और देश के नवनिर्माण में विमुक्त घुमंतू और अर्ध घुमंतु जाति के लोगों ने अपनी बड़ी भूमिका निभाई और समर्पित भाव से सालों से यह समाज राजस्थान के नवनिर्माण में अपनी सतत भूमिका निभा रहा है तथा समाज के लोगों ने अपना सर्वस्त्र न्योछावर किया है ।

## दिया कुमारी ने आम यात्री की तरह ट्रेन में किया सफर, यात्रियों से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर की बातचीत



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल डीजल बचाने की अपील के बाद दिया कुमारी ने सुरक्षा प्रोटोकॉल से गाड़ियां हटाई और इलेक्ट्रिक गाड़ी का कर रही है उपयोग, जयपुर से अजमेर का सफर ट्रेन से किया पूरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की तरह उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल और डीजल बचाने की अपील को गंभीरता से लिया है इसीलिए दिया कुमारी ने एक तरफ जहां अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल से गाड़ियां हटा दी हैं और इलेक्ट्रिक गाड़ी का उपयोग कर रही हैं तो दूसरी तरफ लंबी दूरी की यात्रा के लिए अब ट्रेन में भी सफर करके खुद भी पेट्रोल और डीजल का बचत कर रही हैं तो प्रदेश की जनता को भी पेट्रोल और डीजल का कम उपयोग करने के लिए संदेश देती हुई नजर आ रही है । इसी क्रम में रविवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर से अजमेर का सफर ट्रेन से किया पूरे सफर के दौरान दिया कुमारी ने साधारण यात्री की तरह ट्रेन में सफर किया उनके साथ ना तो कोई ज्यादा सुरक्षा कर्मी नजर आए और ना ही कोई ज्यादा प्रशासनिक तामझाम नजर आया एक साधारण यात्री की तरह उन्होंने ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों से प्रदेश और देश से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इसके अलावा यात्रियों के साथ उन्होंने सेल्फी भी ली दिया कुमारी का यह सहज सरल और माधुरी व्यवहार देखकर यात्री भी काफी हैरान रह गए क्योंकि दिया कुमारी एक तरफ जहां प्रदेश की उपमुख्यमंत्री हैं तो दूसरी तरफ देश के प्रमुख जयपुर राजघराने की सदस्य भी हैं लेकिन इसके बावजूद भी जिस तरह से उनका व्यवहार और बॉडी लैंग्वेज एक साधारण महिला की तरह लोगों को नजर आया तो लोगों को विश्वास ही नहीं हो रहा था लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है जब दिया कुमारी लोगों से इतनी आत्मीय भाव से मिलती है वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करनेके बाद से ही दिया कुमारी लोगों से इसी तरह से आत्मीय भाव से बातचीत और मुलाकात करती दिख रही है। इसका नजारा रविवार को भी ट्रेन में सफर के दौरान देखने को मिला ट्रेन में सफर के दौरान दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेट्रोल और डीजल बचाने की अपील को गंभीरता से लेने के लिए लोगों से आग्रह किया और कहा कि पीएम मोदी की इस अपील से कई फायदे हैं एक तरफ जहां हमारा पेट्रोल और डीजल का पैसा बचेगा तो दूसरी तरफ पर्यावरण भी अच्छा रहेगा तथा हमारा विदेशी मुद्रा भंडार भी कम नहीं होगा और पेट्रोल डीजल और ईंधन की बचत भी हो जाएगी इसके अलावा हम शारीरिक और मानसिक रूप से भी स्वस्थ और मजबूत होंगे । उन्होंने ट्रेन में लोगों से बातचीत के दौरान कहा कि कम दूरी की यात्रा अगर साइकिल से करें तो सबसे अच्छा रहेगा इससे हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा और ईंधन की भी बचत होगी और हमारा पैसा भी बचेगा इसके अलावा पर्यावरण भी अच्छा रहेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि खाड़ी युद्ध की वजह से पेट्रोल और डीजल को लेकर दुनिया भर में संकट बना हुआ है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और प्रयासों से भारत में पेट्रोल और डीजल को लेकर उतना संकट नहीं है जितना अन्य देशों में है लेकिन फिर भी हमें भविष्य को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को गंभीरता से लेना है और पेट्रोल और डीजल की ज्यादा से ज्यादा बचत करनी है उन्होंने कहा कि इसके लिए सार्वजनिक परिवहन के साधनों का ज्यादा उपयोग करें, कार पुलिंग व्यवस्था पर जोर दें तथा एक ही परिवार में अगर सामूहिक रूप किसी जरूरी काम की वजह से एक गाड़ी का उपयोग करेंगे तो काफी अच्छा रहेगा दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुद अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल से कई गाड़ियां हटा ली है सरकार के कई मंत्रियों ने भी इसी तरह से सुरक्षा प्रोटोकॉल से गाड़ियां हटा ली है और इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग करना हम सब ने सुनिश्चित किया है ट्रेन में यात्रियों से बातचीत के दौरान दिया कुमारी ने आत्मनिर्भर भारत से जुड़ने के लिए लोगों को और युवाओं को आवाहन किया इसके अलावा घरेलू उत्पाद ज्यादा से ज्यादा खरीदने पर जोर दिया दिया कुमारी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल का कम उपयोग करने से हमें कई फायदे होंगे यह हर व्यक्ति के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा और राष्ट्र निर्माण के लिए भी काफी मददगार साबित होगा ।

## मुख्य सचिव वीश्रीनिवास ने आमेर फोर्ट का निरीक्षण किया और गाइडों को प्रभावित तरीके से प्रशिक्षण देने की बात कही



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने रविवार को छुट्टी के दिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तरह खुद को सरकारी कार्य में व्यस्त रखा और आमेर फोर्ट से जुड़े विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा पर्यटन विभाग के अधिकारियों को गाइड को प्रभावी रूप से प्रशिक्षण देने के लिए निर्देशित किया। जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव श्रीनिवास ने आमेर महल में पहुंचने पर सबसे पहले शिला देवी के मंदिर में जाकर माता रानी के दर्शन किए और प्रदेश के लोगों की खुशहाली तथा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए माता रानी से प्रार्थना की इसके बाद मुख्य सचिव श्रीनिवास ने 25.5 करोड़ रुपए के केंद्रीय परिवर्तित योजनाओं के विकास कार्यों का अवलोकन किया और निर्माण कार्य में जुड़े लोगों तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए तथा निर्धारित समय पर निर्माण कार्यों के कंप्लीट करने की बात कही मुख्य सचिव श्रीनिवास ने रविवार के अपने इस दौर में मानसिंह महल, राजा भारमल की छतरियां इत्यादि जगहों पर चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया । जानकारी के अनुसार आमेर किला परिसर में विभिन्न जगहों पर कई तरह के विकास कार्यों का संपादन हो रहा है जिसमें पार्किंग को लेकर भी प्रभावी रूप से कार्य हो रहा है इसके अलावा आमेर फोर्ट के सामने स्थित पानी की विशाल झील के नीचे पार्क में भी पिछले कई महीनो से निर्माण कार्य चल रहे हैं यहां पूर्व में एक दीवार ध्वस्त हो गई थी इस हादसे में किसी भी तरह की जनहानि तो नहीं हुई थी लेकिन इसके बाद इस पार्क में यहां व्यापक स्तर पर विकास कार्य करवाई जा रहे हैं और पार्क को नए कलेवर और अंदाज में विकसित किया जा रहा है । यहां चल रहे विकास कार्यों का भी मुख्य सचिव ने अवलोकन किया इसके अलावा राजस्थान सरकार की ओर से बजट में भी यहां कई तरह के विकास कार्यों की घोषणा की गई थी जिनके माध्यम से यहां विकास कार्य संपादित करवाए जा रहे हैं इन सब कार्यों का मुख्य सचिव ने फीडबैक लिया मुख्य सचिव के साथ आमेर किला के निरीक्षण के दौरान पर्यटन सचिव सूची त्यागी पुरातत्व विभाग की निदेशक धीरेंद्र सिंह और फोर्ट के अधीक्षक भी मौजूद रहे । इसके अलावा पर्यटन विभाग के कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे मुख्य सचिव ने मौके पर उपस्थित पर्यटन विभाग के अधिकारियों को पर्यटकों को प्रभावित तरीके से प्रशिक्षण देने की बात कही इसके अलावा मुख्य सचिव ने आमेर फोर्ट प्रशासन से जुड़े लोगों से पर्यटकों की व्यवस्थाओं के बारे में भी सवाल जवाब किया और कहा कि भीषण गर्मी में यहां पर्यटकों के लिए ठंडक का एहसास करने के लिए और भी समुचित तरीके से व्यवस्था की जाए इसके अलावा मुख्य सचिव ने हाथी सवारी और यहां आने वाले देश और विदेश के पर्यटकों के मनोरंजन से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की तथा अधिकारियों को साफ निर्देशित किया कि यह किला दुनिया भर में विख्यात है और यहां बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक हर साल भ्रमण के लिए आते हैं इसलिए यहां भ्रमण करने आने वाले पर्यटकों को किसी भी तरह की कोई असुविधा नहीं हो और पर्यटकों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए इसके लिए और भी प्रभावी तरीके से काम करने की बात मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहीं । उल्लेखनीय है कि जयपुर आने वाले 100 में से 90 पर्यटक आमेर फोर्ट को घूमने जरूर आते हैं क्योंकि यह फोर्ट अपनी खूबसूरती विशालता और ऐतिहासिकता के लिए दुनिया भर में मशहूर है ।

## रात्रि चौपाल से दौसा के गांव जगमग, सौम्या झा और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनसमस्याओं का मौके पर समाधान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** ग्राम रथ अभियान के तहत प्रदेश के दोसा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में रात्रि चौपालों का आयोजन किया गया। चौपालों में जनसमस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण किया गया तथा ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रमों के दौरान एलईडी के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजक अंदाज में ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया। सभी कार्यक्रम ठिकरिया (जयपुर) में आयोजित ग्राम विकास चौपाल से लाइव जुड़े रहे, जहां ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का लाइव उद्बोधन भी सुना। जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में लालसोट विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दौलतपुरा में रात्रि चौपाल आयोजित हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा योजनाओं की जानकारी दी। इसी प्रकार सिकराय विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहरावंडा में आयोजित रात्रि चौपाल में विधायक विक्रम बंशीवाल ने भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समाधान कराया और लोगों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।इसके अलावा बैजूपाड़ा (महवा), काबलेश्वर (दौसा) तथा पामाड़ी (बांदीकुई) में भी रात्रि चौपालों का आयोजन किया गया जहां ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।




CMYK

## विमंदित और मूक बधिर बच्चों को पढ़ाने में आगे आए



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** समाजसेवी और जे.एम.सी.सी. इंफ्रा प्रोजेकटस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक झाबरमल यादव ने कहा है कि मूक बधिर तथा विमंदित बच्चों के विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने तथा उन्हें प्रशिक्षित करने में सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। खुदनपुरी रोड पर स्थित आदर्श विमंदित और मूक बधिर विद्यालय में नेक कमाई की ओर से यहां आहार और उपहार वितरित करने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी झाबरमल यादव ने कहा कि ऐसे बच्चों को पढ़ाना बहुत चुनौतीपूर्ण कार्य है जिसमें इस विद्यालय को हर संभव सुविधा मुहैया कराई जाएगी। संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि यहां बच्चों को शिक्षा के साथ उन्हें प्रशिक्षित भी किया जा रहा है जिसमें नेक कमाई का योगदान है। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने आभार जताया। कार्यक्रम में अर्चना महलावत, सुनीता शर्मा, स्कूल प्रिंसीपल पायल प्रधान, मुस्कान मुखीजा, रेखा महलावत आदि उपस्थित थे।

## मनन सेवा संस्थान ने पेड़ों पर पक्षियों के लिए बांधे परिंडे




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मनन सेवा संस्थान द्वारा रविवार को सदर थाने में पेड़ो पर पक्षियों के लिए पानी के परिंडे बांधे गए। संस्थान से जुड़े अश्विनी जावली ने बताया कि संस्थान द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी पुलिस थाना एवं पार्कों में 501 परिंडे बांधे जायेगे ओर परिंडो का संस्थान के द्वारा रखरखाव भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हम सभी को गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। संस्थान आगामी समय में भी सामाजिक सरोकार के कार्य करेंगी। इस अवसर पर संस्थान से जुड़े योगेश शर्मा, सी एल जी सदस्य अश्विनी जावली, पुलिस थाना सदर से दिलीप द्विवेदी, योगेश्वर शर्मा भगत राज, उमेश शर्मा मौजूद रहे।

## अवैध खनन पर पुलिस का शिकंजा, 09 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले में अवैध खनन एवं निर्गमन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मालाखेड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी एवं पत्थर परिवहन में प्रयुक्त 09 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका आरपीएस के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी कार्तिकेय वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मालाखेड़ा थाना क्षेत्र में अवैध खनन एवं निर्गमन के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते हुए 04 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े, जबकि बाढ़ बिलंदी क्षेत्र के पहाड़ों में दबिश देकर अवैध पत्थर खनन में लगे 05 ट्रैक्टर-ट्रॉली मय पत्थर जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार जब्त वाहनों में 05 ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध पत्थरों से भरे हुए तथा 04 ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध बजरी से भरे हुए पाए गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस एवं क्यूआरटी टीम ने संयुक्त रूप से अभियान को अंजाम दिया।

### कार्रवाई में शामिल टीम

इस कार्रवाई में विनोद कुमार, दयाराम, मुकेशचंद उपनिरीक्षक, रामकेश, हरिराम, सुगनसिंह, रोहित, हरिशंकर, जगमाल, बालकिशन, राजेश, प्रहलाद चालक सहित मालाखेड़ा थाना पुलिस एवं क्यूआरटी टीम के जवान शामिल रहे।

# भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान में कार्यकर्ताओं को संगठन और राष्ट्रहित के मुद्दों पर किया प्रशिक्षित

### देश के सामने आंतरिक और बाहरी चुनौतियां गंभीर - महंत बाबा बालकनाथ

### मोदी नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में मजबूत शक्ति बनकर उभरा - मंत्री शर्मा





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर दक्षिण द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के द्वितीय दिवस विभिन्न विषयों पर अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में संगठन विस्तार, विचार परिवार, प्रशिक्षण प्रबंधन तथा देश के समक्ष चुनौतियों जैसे विषयों पर वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। 'देश के समक्ष चुनौतियां' विषय पर आयोजित मुख्य सत्र को संबोधित करते हुए तिजारा विधायक महंत बाबा बालकनाथ ने कहा कि वर्तमान समय में देश के सामने आंतरिक और बाहरी दोनों प्रकार की चुनौतियां मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद, घुसपैठ, ड्रग्स तस्करी, सीमा अतिक्रमण, हथियारों की तस्करी, नक्सलवाद, कट्टरवाद और विदेशी फंडिंग देश के लिए गंभीर खतरे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राष्ट्रविरोधी ताकतों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। सत्र की अध्यक्षता करते हुए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सामरिक, आर्थिक और सामाजिक सभी क्षेत्रों में बड़ी ताकत के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने में प्रत्येक नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। मोदी सरकार सभी आंतरिक एवं बाहरी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष श्याम अग्रवाल ने सरल ऐप एवं प्रशिक्षण कार्य प्रणाली प्रबंधन विषय पर अपने विचार रखते हुए सहभागिता आधारित एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रत्येक विषय की गहन समझ और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। पूर्व प्रदेश मंत्री अशोक सैनी ने 'कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि' विषय पर भाजपा के भौगोलिक एवं सामाजिक विस्तार की रणनीति को विस्तार से समझाया। वहीं पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने 'विचार परिवार' विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि विचार परिवार संपूर्ण समाज के लिए समर्पित संगठन है, जहां जाति, भाषा और प्रांत से ऊपर उठकर भारत माता की सेवा का अवसर मिलता है। विधायक सुखवंत सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि संघ का उद्देश्य समाज निर्माण करना है, जहां व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की संकल्पना साकार होती है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, संगठन प्रभारी भानु प्रताप सिंह, पंडित धर्मवीर शर्मा, बन्ना राम मीना, नरेश गोयल, ऋषि राज शर्मा, देशराज खरेरा, हुकुम फागाना, हरीश यादव, हरिशंकर खंडेलवाल, प्रमोद विजय, विष्णु शर्मा, अभिराम दीक्षित, राजेश तिवारी, कमल भादवा, मुन्नालाल शर्मा, दीपक शर्मा, नरेश धानावत, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, अरुण जैन, मनोज चौहान, जय सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परिचय कला संस्थान का 31वां ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

### पत्रिका100 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग, 31 मई तक चलेगा निशुल्क शिविर





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** परिचय कला संस्थान अलवर द्वारा आयोजित 31वें ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 2026 का शुभारंभ रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। शिविर में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का लाभ प्राप्त किया। संस्थान द्वारा आयोजित यह निशुल्क प्रशिक्षण शिविर 17 मई से 31 मई 2026 तक पटा स्थित हिंद पब्लिक स्कूल, काला कुआं में संचालित किया जाएगा। शिविर का समय प्रतिदिन प्रातः 8:30 बजे से 11:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नृत्य, ड्राइंग एवं पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, मेहंदी, अबेकस, मिडब्रेन एक्टिविटी, जुंबा तथा पर्सनैलिटी डेवलपमेंट जैसी विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन परिचय कला संस्थान के अध्यक्ष अनिल नागर, शिविर संयोजक पंकज जैन, सहसंयोजक मेघा शर्मा एवं सचिव धीरज जैन के नेतृत्व में किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि यश भार्गव एवं रूबी वर्मा, महामंत्री विश्व हिंदू महासंघ तथा विशिष्ट अतिथि महेंद्र गोयल एवं लता जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अर्चना आमेरिया, मेघा सैनी एवं संगीता सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के सफल संचालन में आशीष जैन, संदीप जैन, शशि भूषण, राजीव शर्मा, गगन शर्मा, मेघा शर्मा, रिद्धिमा शर्मा, उत्तम गुप्ता, सुधीर गुप्ता एवं भूमिका शर्मा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। मंच संचालन भूमिका शर्मा द्वारा किया गया। संस्थान पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना तथा उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है।

## विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर जागरूकता रैली एवं निःशुल्क जांच शिविर

### 86 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण, 36 उच्च रक्तचाप व 19 मधुमेह रोगी चिन्हित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्राइवेट हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम सोसाइटी, अलवर तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 'विश्व हाइपरटेंशन दिवस' के अवसर पर मित्तल हॉस्पिटल में जागरूकता रैली एवं निःशुल्क रक्तचाप व मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 86 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.सी. मित्तल, हरीश कालरा, राजपाल सिंह यादव, अल्का मित्तल, महेश जैन एवं कँवलजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली के दौरान लोगों को उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य संदेश दिए गए। प्राइवेट हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम सोसाइटी अलवर के अध्यक्ष एवं मित्तल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. एस.सी. मित्तल तथा सचिव डॉ. तैयब खान ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने कहा कि नियमित दिनचर्या, संतुलित खानपान और जीवनशैली में सुधार से उच्च रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने आमजन में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित रैली की सराहना की। डॉ. एस.सी. मित्तल ने बताया कि विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2026 की थीम 'उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करें' रखी गई है। इस थीम का उद्देश्य सही माप, जीवनशैली में सुधार एवं समय पर उपचार के माध्यम से हाइपरटेंशन को नियंत्रित करना है। रैली मित्तल हॉस्पिटल से प्रारंभ होकर एन.ई.बी. थाना, सानिया हॉस्पिटल, गोयल हॉस्पिटल, इनरव्हील तिराहा, एडवांस न्यूरोलॉजी सेंटर, श्रीराम हॉस्पिटल, सूर्या हॉस्पिटल एवं अग्रसेन चौराहा होते हुए पुनः मित्तल हॉस्पिटल पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के बाद आयोजित निःशुल्क जांच शिविर में 86 लोगों का ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह परीक्षण किया गया। इनमें 36 लोग उच्च रक्तचाप तथा 19 लोग मधुमेह से पीड़ित पाए गए, जिन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. विजय सिंह चौधरी, राजपाल सिंह यादव, प्रियंका साईवाल, भगवत, कपिल शर्मा, अल्का मित्तल, डॉ. महेश जैन, आशा कालरा, डॉ. सुधीर गुप्ता, डॉ. कुमुद गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, नरेन्द्र गुप्ता, डॉ. मंजू अग्रवाल, दिनेश मीणा, राजेश याज्ञिक सहित विभिन्न सामाजिक एवं स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों को ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल एवं इप्का फार्मास्यूटिकल की ओर से टी-शर्ट, टोपी, फल एवं लस्सी वितरित की गई। शिविर संयोजक गिरीश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में भारत विकास परिषद्, लायंस क्लब अलवर मत्स्य, मित्तल हॉस्पिटल, आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन, स्काउट एंड गाइड फेलोशिप, योग संस्थान एवं विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों का सहयोग रहा।



**अलवर।** ज्योति चिल्ड्रन अस्पताल के नए परिसर उद्घाटन अवसर पर भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारा प्रसादी ग्रहण की।

## 'शिक्षा आपके द्वार' अभियान से बच्चों को स्कूल से जोड़ने की पहल, जरूरतमंदों को बांटी जा रही शिक्षा सामग्री

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** हुनर शक्ति फाउंडेशन की ओर से संचालित 'शिक्षा आपके द्वार अभियान' के माध्यम से जिले में पिछले पांच वर्षों से शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य राजकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाना, शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूल से जोड़ना तथा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना है।

संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जनजागरूकता रैलियां आयोजित कर लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया जाता है। अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने और बाल श्रम से दूर रखने की अपील की जाती है।

### ग्राम रथ अभियान का हुआ समापन

# ग्राम रथ के माध्यम से जन-जन तक पहुंची खेती-किसानी से संबंधित 13 विभागों की सम्पूर्ण जानकारी

### सुझाव पेटिका में ग्रामीणों ने दिए बढचढकर सुझाव, विकसित भारत, विकसित ग्राम का संकल्प होगा साकार




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों, पशुपालकों, युवाओं, महिलाओं को खेती, किसानी, बागवानी इत्यादि 13 महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 28 अप्रेल से 17 मई तक ग्राम रथ अभियान आयोजित किया गया, अभियान के तहत एलईडी लगे ग्राम रथों ने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को सरकार की इन कल्याणकारी योजनाओं की ना केवल जानकारी दी, बल्कि इनका जागरूक रहकर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसी कडी में रविवार को जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के गांवों में ग्राम रथों ने पहुंचकर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने हेतु जागरूक किया।

**मुख्यमंत्री ने लाइव संवाद कर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने हेतु किया प्रोत्साहित**

अलवर जिले के 5 विधानसभा क्षेत्रों कठूमर, थानागाजी, रामगढ, राजगढ-लक्ष्मणगढ एवं अलवर ग्रामीण के गांवों में आयोजित ग्राम रथ के कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीणों से वर्चुअली संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार द्वारा आमजन के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं के लाभ का फीडबैक लिया तथा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया।

**प्रचार सामग्री ने किया जागरूक, सशक्त राजस्थान के उद्देश्य को किया साकार**

ग्राम रथ के माध्यम से ग्रामीणों को वितरित की गई सरल भाषा में प्रचार सामग्री (पम्फलेट्स और ब्रोशर्स) ने ग्रामीणों को सरकार के 13 विभागों की योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रचार साम्रगी से खेती-किसानी, पशुपालन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया हर ग्रामीण तक पहुंची। इससे ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत होगी।

**सुझाव पेटिका में ग्रामीणों ने दिए बढचढकर सुझाव, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को किया जागरूक**

ग्राम रथ के साथ एक सुझाव पेटिका लगाई गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और गाँव के विकास के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव लिख कर डाले, जिससे प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होने की अनुकरणीय पहल साबित हुई। इन सुझावों को राज्य सरकार तक पहुंचाकर इनका नियमानुसार निस्तारण कराया जाएगा, जिससे विकसित भारत-विकसित ग्राम के संकल्प को साकार किया जा सकेगा। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को सरल भाषा में सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर ग्रामीणों को जागरूक किया।

**सांस्कृतिक संध्या चौपाल रही आकर्षण का केंद्र, लोक संगीत के माध्यम से मिली योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी**

ग्राम रथ अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संध्या चौपाल का आयोजन हुआ, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के लोक कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति रोचक ढक से अपनी प्रस्तुति देकर ग्रामीणों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। संध्या चौपालों में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लेकर सरकार की इस पहल को खूब सराहा।

**ग्रामीणों ने खुले मन से की सरकार की इस पहल सराहना, योजनाओं में लाभ प्राप्त करने के किए अनुभव साझा, अन्य ग्रामीणों को किया प्रेरित**

ग्राम रथों के गांव में पहुंचने पर केंद्र व राज्य सरकार की खेती, किसानी सहित अन्य योजनाओं से लाभांवित किसानों व ग्रामीणों ने योजनाओं में लाभ प्राप्त करने के अनुभव साझा किए तथा अन्य ग्रामीणों को भी इन योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मनोहर लाल ने कृषि विभाग की तारबंदी योजना, बालीराम सैनी ने कृषि उपकरण सहायता व तारबंदी योजना, कैलाश चंद गुर्जर ने अनुदान सहायता एवं महेश चंद जांगिड व मगनी देवी ने पीएम आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं में लाभ प्राप्त करने के अनुभव साझा किए। ग्रामीणों ने सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित ग्राम रथ की पहल की खुले मन से सराहना करते हुए कहा कि ग्राम रथों के माध्यम से सरकार की योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी घर बैठे मिली है। अब योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
18 मई, 2026

## दुष्कर्म के केस में 1 लाख की रिश्वत लेते सहायक सब इंस्पेक्टर को एसीबी ने दबोचा, प्रताप नगर पुलिस स्टेशन में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के उदयपुर में प्रताप नगर पुलिस स्टेशन में नियुक्त सहायक सब इंस्पेक्टर को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की इस कार्रवाई के बाद प्रताप नगर पुलिस स्टेशन में नियुक्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम इस बात का भी पता लग रही है कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य पुलिस अधिकारी का हिस्सा तो निश्चित नहीं था फिलहाल गिरफ्तार सहायक सब इंस्पेक्टर सुनील बिश्नोई से पूछताछ की जा रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त सुनील बिश्नोई है जो प्रताप नगर थाने में सहायक सब इंस्पेक्टर पद पर तैनात है जिसने दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज नहीं करने के बदले परिवादी से रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के बड़े अधिकारियों ने आरोपी सहायक सब इंस्पेक्टर सुनीलबिश्नोई को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत रविवार को जैसे ही परिवादी ने सुनील बिश्नोई को रिश्वत के100000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने रंगे हाथों रिश्वत की रकम के साथ दबोच लिया ।

## रोडवेज बस और वैन में जोरदार टक्कर, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत और चार जने घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के नागौर जिले में मेड़ता सिटी शहर क्षेत्र में पुनास और चकवाली ढाणी के बीच रोडवेज बस और वैन में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिसकी वजह से वैन सवार चार लोगों की मौत हो गई है तथा चार लोग घायल हो गए हैं जिनमें दो बच्चे भी हैं इन सभी घायलों को निकट के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जानकारी के अनुसार वैन में सवार लोग एक ही परिवार के थे जोधपुर के बोरुंदा थाना क्षेत्र के रहने वाले थे और नागौर के बुटाटी धाम दर्शन करके लौट रहे थे सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और क्षतिग्रस्त रोडवेज बस और वैंन को बरामद कर लिया है घटना स्थल से आवश्यक सबूत भी जुटाए गए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है इस हादसे में जोधपुर के बोरुंदा थाना क्षेत्र के रहने वाले अमरीश पुरी, उमेश, नीतू और रुकमा देवी की मौत हो गई है तथा चार यात्री घायल हुए हैं ।

## रेल दावा अधिकरण जयपुर पीठ में दूसरी लोक अदालत का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेल दावा अधिकरण जयपुर पीठ में रविवार को को इस वर्ष की दूसरी लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में माननीय सदस्य (न्यायिक) राजीव जैन एवं सदस्य (तकनीकी) जीएस हीरा के द्वारा पारित आदेशों पर अपर रजिस्टर शक्ति बाली, सहायक रजिस्टर वीणा सानी एवं अधिकरण के स्टाफ द्वारा 9 दावा प्रकरणों का निस्तारण किया गया। अपीलार्थी अधिवक्ताओं राजेश पंडा,मनमोहन गुप्ता, चंद्रशेखर गोयल, रविंद्र मोहन गोयल, मांगीलाल चौधरी, विकास चौहान तथा अमन अग्रवाल द्वारा प्रकरणों में त्वरित सहमति प्रदान की गई। रेलवे की तरफ से प्रस्तुतकर्ता अधिकारी महेश चंद जेवलिया, मुख्य विधि सहायकों तथा रेलवे अधिवक्ताओं टीकम चंद शर्मा खेमचंद शर्मा, अरविंद कुमार पारीक, जंग बहादुर खान एवं मोहनलाल रोलानिया द्वारा प्रकरणों को प्रस्तुत किया गया। 9 प्रकरणों में से 4 प्रकरण घायल यात्रियों के तथा 5 प्रकरण मृतक यात्रियों के थे। घायल यात्रियों के 4 प्रकरण में रुपए 19 लाख 90 हजार रुपए तथा मृतक यात्रियों के 5 प्रकरण में रुपए 40 लाख का क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का आदेश पास किया गया। कुल 9 प्रकरणों में रुपये 59,90,000 रुपए क्षतिपूर्ति की राशि के आदेश प्रदान किए गए।

## राजधानी एक्सप्रेस के दो कोच में लगी भीषण आग, 68 यात्री जलते जलते बचे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** ईश्वर की कृपा से रविवार की सुबह राजधानी एक्सप्रेस में सवार 68 यात्री जलते जलते बच गए क्योंकि त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस के दो कोच में मध्य प्रदेश के रतलाम के आलोट रेलवे स्टेशन के पास आग लग गई यह तो गनीमत रही कि कोच में आग लगने के बाद ट्रेन में सवार यात्री खुद ही जल्दी बाजी में ट्रेन से उतर गए हालांकि इनमें कई यात्रियों का सामान फौज ट्रेन से उतर गए हालांकि इनमें कई यात्रियों का सामान ट्रेन के कोच में ही जल्दी बाजी में छूट गया जिसकी वजह से कई यात्रियों का सामान आग से जल गया लेकिन इस भीषण अग्निकांड में किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई क्योंकि सूचना मिलने के बाद कोटा मंडल के सभी बड़े रेल अधिकारी, रतलाम और अन्य रेल मंडल प्रशासन से जुड़े लोग मौके पर पहुंच गए, स्थानीय पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारी भी तुरंत मौके पर पहुंचे और मौके पर दमकल की गाड़ियों को भी बुलाया गया तथा जिनको कोच में आग लगी हुई थी उनका संपर्क ट्रेन से हटाया गया तथा सभी यात्रियों को सुरक्षित ट्रेन से उतार लिया गया आगजनी की घटना के बाद मुंबई दिल्ली रेल मार्ग को ट्रेन संचालन के लिए रोक दिया गया जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के रतलाम के आलोट रेलवे स्टेशन के पास रविवार की सुबह करीब 5:15 बजे त्रिवेंद्रम से दिल्ली की ओर जा रही राजधानी एक्सप्रेस के एसी कोच में अचानक आग लग गई फिलहाल यही कहा जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है जैसे ही कोच में आग लगी कोच में सवार यात्रियों में घबराहट छा गई हालांकि यात्रियों और ट्रेन के साथ चल रहे ट्रेन के स्टाफ के लोगों ने तुरंत ट्रेन के पायलट को अवगत करवाया इस दौरान जैसे ही ट्रेन के यात्रियों ने ट्रेन के दो कोच में आग की भीषण लपट उठती देखी उनमें दहशत छा गई और अधिकांश यात्री नंगे पांव ही जल्दी बाजी में ट्रेन से उतर गए इनमें कई यात्रियों का सामान कोच में ही छूट गया तथा कई यात्रियों के जूते चप्पल भी ट्रेन में ही रह गए हालांकि आगजनी से पहले से ट्रेन के दोनों कोच चलकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और जिसने भी अपनी आंखों से ट्रेन के जलने का दृश्य कोच में आग की भीषण लपट को उठाता हुआ देखा उसकी आंखें फटी रह गई यह तो गनीमत रही की आग फैलने से पहले ही दोनों कोच में सवार यात्री सुरक्षित ट्रेन से नीचे उतर गए अन्यथा 68 यात्री जिंदा ही जल जाते।

# भजन लाल शर्मा और मदन राठौड़ राज्यसभा उम्मीदवारों का पैनल तैयार करके पार्टी हाई कमान को भेजेंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में प्रदेशभर में चल रहे विभिन्न अभियानों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में राजस्थान सरकार द्वारा किसानों के हितों को लेकर निकाली जा रही ग्राम रथ यात्रा पर संतोष व्यक्त किया गया। डॉ चतुर्वेदी ने कहा कि इसके माध्यम से सरकार किसानों तक अपनी योजनाओं और संकल्पों को प्रभावी रूप से पहुंचाने में सफल हो रही है। बैठक में नीट परीक्षा प्रकरण पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कांग्रेस द्वारा इस विषय पर राजनीति किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया। कोर कमेटी ने कहा कि नीट परीक्षा में अनियमितताओं की शुरुआत नासिक से हुई, जो आगे पुणे, गुरुग्राम होते हुए देशभर तक पहुंची। इसके बावजूद कांग्रेस, विशेषकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। जब




कि केंद्र सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए परीक्षा रद्द की तथा मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। अशोक गहलोत सरकार के समय राजस्थान में रीट परीक्षा प्रकरण को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगातार सीबीआई जांच की मांग की गई थी, लेकिन उस समय जांच नहीं कराई गई। भाजपा सरकार बनने के बाद इस मामले से जुड़े तारों को जोड़ते हुए दोषियों को कटघरे में खड़ा करने का कार्य किया गया। डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में अधिकांश सदस्य भौतिक रूप से उपस्थित रहे। कुछ वरिष्ठ नेता अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों एवं अन्य कारणों से वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े। इनमें सी.पी. जोशी, अर्जुनराम मेघवाल, अलका गुर्जर एवं सतीश पूनिया शामिल रहे। भूपेंद्र यादव तकनीकी कारणों से बैठक में शामिल नहीं हो सके, लेकिन उनका दूरभाष पर संवाद हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने निकट संबंधी के अस्वस्थ होने के कारण संदेश प्रेषित कर बैठक के प्रति अपनी शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ प्रेमचंद बैरवा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, भागीरथ विश्नोई, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी उपस्थित रहे। डॉ चतुर्वेदी ने कहा कि बैठक में भाजपा के प्रदेशभर में चल रहे संगठनात्मक प्रशिक्षण वर्गों की भी समीक्षा की गई। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा प्रशिक्षण वर्गों में सहभागिता और संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन पर संतोष व्यक्त किया गया। बैठक में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण बढ़ रही पेट्रोल-डीजल कीमतों पर भी चर्चा हुई। रूस-यूक्रेन संकट तथा वैश्विक परिस्थितियों के कारण दुनिया के अधिकांश देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 50 से 120 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है, जबकि भारत में यह वृद्धि मात्र लगभग 3 प्रतिशत रही है। केंद्र सरकार ने पिछले चार महीनों तक सब्सिडी देकर आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ने दिया। कांग्रेस इस विषय पर भी केवल राजनीति कर रही है। अशोक गहलोत सरकार के समय भाजपा ने वैट में राहत देने की मांग की थी, लेकिन उस समय कोई कदम नहीं उठाया गया। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने दो बार राहत देकर आमजन पर प्रभाव कम करने का प्रयास किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि बैठक में राज्यसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। उपस्थित एवं वर्चुअल रूप से जुड़े सभी सदस्यों ने कार्यकर्ताओं की सक्रियता, संगठन के प्रति निष्ठा एवं पार्टी हित को ध्यान में रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अधिकृत किया कि वे विचार-विमर्श कर उपयुक्त नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेजें।

## उत्तर पश्चिम रेलवे का बड़ा कमालः 9 घंटे से कम समय में रेल मार्ग पर बने पुराने पुल को हटा कर नया पुल बनाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल में मारवाड़-आबू रोड रेल मार्ग पर स्थित पुल को 9 घंटे से भी कम समय में ध्वस्त कर नया पुल बनाया गया है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार संरक्षित रेल संचालन के लिए रेल पटरियों के समय-समय पर मरम्मत एवं रखरखाव तथ रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और परिवर्तन अति आवश्यक होता है। मरम्मत,रखरखाव सुधार आदि कार्यों के लिए रेलवे द्वारा विभिन्न रेल खंडों में तय समय के लिए रेलवे यातायात को प्रतिबंधित कर कार्य निष्पादित किया जाता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जंक्शन पर अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि मारवाड़-आबू रोड रेल मार्ग पर आउवा और भिंवालिया स्टेशनों के मध्य स्थित रेलवे पुल संख्या 605 को ध्वस्त कर नया पुल बनाने के लिए दोपहर 12.45 बजे ब्लॉक लिया गया था। 9 घंटे से भी कम समय में पुल को ध्वस्त कर 16 ब्लॉक सेगमेंट और 12 स्लैब लगा कर नया पुल बनाया गया और रात 21.30 बजे ही ब्लॉक खाली कर रेल मार्ग को यातायात के लिए खोल दिया गया। यह सफलता उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल के लिए एक सराहनीय उपलब्धि है। इस कार्य के साथ ही रेल संचालन प्रतिबंधित होने पर समय का सदुपयोग करते हुए रेल के मरम्मत और अनुरक्षण से संबंधित कई अन्य कार्य भी योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण कर लिए गए। इस दौरान सुमेरपुर जवाई बांध स्टेशन पर 12 मीटर पैदल पुल के 10 गर्डर लगाए , 4 वेल्डिंग के साथ 2 डीसीएमएस क्रॉसिंग लगाए गए, 8 वेल्डिंग के साथ 2 रेल और 1 एसईजे को बदला गया, 11 नग ग्लू जॉइंट का नवीनीकरण किया गया,10 नग एसईजे फ्लेंज का यूएसएफडी परीक्षण किया गया, यूटीवी द्वारा 8 रेल और 7 क्रॉसिंग का परिवहन किया गया, इसके अलावा, मदार-मारवाड़ रेल खंड में 750 घन मीटर गिट्टी की अनलोडिंग,एफआरएम द्वारा 1200 मीटर शोल्डर गिट्टी की सफाई, बीसीएम द्वारा 380 मीटर डीप स्क्रीनिंग का कार्य,यूएनआईएमएटी द्वारा 2.8 टर्नआउट, 2 नग एसईजे और 360 मीटर ट्रैक टैंपिंग का कार्य किया गया,रेलवे का प्रयास रहता है कि रेल संचालन में न्यूनतम अवरोध के साथ कार्य पूरा किया जाए जिससे रेल यात्रियों को पूर्ण संरक्षित, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा प्रदान की जा सके।

## उत्तर पश्चिम रेलवे के कार्यों से गोटन में औद्योगिक आवागमन को मिलेगी नई गति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** गोटन राजस्थान के नागौर जिले का एक महत्वपूर्ण कस्बा है, जो अपने ऐतिहासिक महत्व, औद्योगिक पहचान और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। गोटन विशेष रूप से चूना पत्थर के विशाल भंडार के कारण प्रसिद्ध हुआ। इसी कारण यहां सीमेंट उद्योग विकसित हुआ और क्षेत्र को औद्योगिक पहचान मिली। रेलवे लाइन आने के बाद गोटन का महत्व और बढ़ा तथा यह कृषि एवं व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र बन गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गोटन रेलवे स्टेशन जोधपुर-जयपुर रेलमार्ग पर स्थित होने के कारण लंबे समय से व्यापार और आवागमन का केंद्र रहा है, विशेषकर सीमेंट उद्योग,खनिज परिवहन और लोडिंग-अनलोडिंग कार्यों का यह प्रमुख केंद्र रहा है। यहां 20 जोड़ी ट्रेनों का ठहराव दिया गया है और प्रतिदिन 3 हजार से अधिक यात्री आवागमन करते हैं। ऐसे में स्टेशन का कायाकल्प न केवल यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार करेगा बल्कि औद्योगिक आवागमन को भी नई गति देगा। आने वाले समय में यह स्टेशन क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था की धुरी के रूप में और अधिक सशक्त भूमिका निभाएगा। भारतीय रेलवे की महत्त्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गोटन रेलवे स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है। लगभग 18.93 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा यह विकास कार्य स्टेशन को एक आधुनिक,सुव्यवस्थित और यात्री-केंद्रित परिवहन केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।पुनर्विकास कार्य के तहत गोटन रेलवे स्टेशन परिसर में नई आधुनिक स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण किया गया है जिसमें स्थानीय स्थापत्य शैली की झलक भी समाहित की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए विस्तृत वेटिंग हॉल और विश्राम क्षेत्र विकसित किए गए हैं, जहां बैठने की पर्याप्त व्यवस्था,बेहतर वेंटिलेशन और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित होगा। स्टेशन के प्रवेश एवं निकास द्वारों को चौड़ा और सुव्यवस्थित किया जा रहा है,ताकि बढ़ती यात्री संख्या के बीच आवागमन सहज बना रहे। इसके साथ ही पार्किंग एवं सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार कर यातायात प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। प्लेटफॉर्मों के बीच सुरक्षित आवागमन के लिए पैदल पुल (एफओबी) का निर्माण किया जा रहा है। स्टेशन को पूरी तरह दिव्यांगजन अनुकूल बनाने के लिए रैंप, रेलिंग और अन्य आवश्यक सुविधाओं का समावेश किया गया है। गोटन स्टेशन पर स्वच्छता और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक,बेहतर ड्रेनेज एवं जल निकासी प्रणाली तथा सुव्यवस्थित पार्सल कार्यालय और इलेक्ट्रिकल रूम भी विकसित किए जा रहे हैं। यात्रियों को रीयल-टाइम जानकारी उपलब्ध कराने हेतु डिजिटल डिस्प्ले सिस्टम और सूचना तंत्र लगाया जा रहा है, जिससे यात्रा और भी सुगम और पारदर्शी बनेगी। वर्तमान में परियोजना के अधिकांश प्रमुख कार्य पूर्ण हो चुके हैं और विभिन्न संरचनाओं पर फिनिशिंग कार्य तेजी से जारी है।

## नाकाबंदी तोड़कर फरार बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस की गाड़ी पेड़ से टकराई, हेड कांस्टेबल की मौत, इंस्पेक्टर घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सीकर जिले में दादिया थाना इलाके में नाकाबंदी तोड़कर फरार हो रहे बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस की गाड़ी यू टर्न लेने के दौरान पेड़ से टकरा गई जिसकी वजह से पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और गाड़ी चल रहे हेड कांस्टेबल भीमाराम मेघवाल की मौत हो गई तथा गाड़ी में सवार इंस्पेक्टर अजय सिंह घायल हो गए जिनका हॉस्पिटल में उपचार जारी है सूचना मिलने के बाद सीकर जिला पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे हैं हालांकि नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे बदमाशों को ग्रामीणों ने घेराबंदी करके पकड़ लिया और दोनों बदमाशों को पुलिस गो हैंड ओवर कर दिया है उधर हेड कांस्टेबल भीमाराम मेघवाल की मौत होने के बाद दादिया थाना और जिले के सभी पुलिस स्टेशन में नियुक्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों में शोक की लहर फैल गई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीकर जिले में रविवार की सुबह 3:00 से 6:00 बजे तक नाकाबंदी सुनिश्चित की गई थी दादिया थाना इलाके में हरियाणा नंबर की थार गाड़ी में सवार बदमाशों ने पुलिस की नाकाबंदी को तोड़ा और आगे निकल गए इसके बाद इंस्पेक्टर अजय सिंह और हेड कांस्टेबल भीमाराम मेघवाल ने पुलिस की गाड़ी से बदमाशों का पीछा करना शुरू किया इस दौरान बदमाश नवलगढ़ की



ओर निकल गए और फिर कच्चे रास्ते में अपनी गाड़ी को उन्होंने आगे बढ़ा दिया यह देखकर पुलिस की गाड़ी ने बदमाशों का पीछा करने के लिए जैसे ही यू टर्न लिया यू टर्न लेने के प्रयास में पुलिस की गाड़ी पेड़ से टकरा गई जिसकी वजह से पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और गाड़ी चल रहे भीमाराम मेघवाल और इंस्पेक्टर अजय सिंह घायल हो गए बाद में भीमाराम मेघवाल ने दम तोड़ दिया और अजय सिंह का भी उपचार किया जा रहा है हालांकि कच्चे रास्तों से फरार हो रहे बदमाशों को ग्रामीणों ने घेराबंदी करके पकड़ लिया हरियाणा नंबर की थार गाड़ी में दो युवक सवार थे जो नशे में थे इसके अलावा गाड़ी से शराब की कई बोतले भी बरामद की है ।

## किसानों को ऑर्गेनिक खेती और आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहा है बीजेपी किसान मोर्चाः पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पश्चिम बंगाल में शानदार तरीके से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों का कई दिनों तक प्रचार प्रचार करने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजस्थान भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष कैलाश चौधरी अब प्रदेश में किसानों को ऑर्गेनिक और आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं इसी क्रम में चौधरी पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में विभिन्न जिलों में जाकर किसान मोर्चा के संगठन से जुड़े लोगों के साथ मीटिंग भी आयोजित कर रहे हैं और किसान मोर्चा के संगठन से जुड़े लोगों को गांव-गांव जाकर किसानों को कार्बनिक और आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने के दिशा निर्देश भी दे रहे हैं और खुद भी गांव-गांव जाकर किसानों से मुलाकात करके उन्हें केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से खेती और किसानों के कल्याण के लिए संपादित की जा रही योजनाओं की जानकारी भी देते हैं और किसानों को आधुनिक खेती के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं चौधरी ने बीकानेर में भाजपा किसान मोर्चा के संगठन से जुड़े लोगों के साथ मैराथन बैठक आयोजित की और किसान मोर्चा के संगठन से जुड़े छोटे बड़े सभी नेताओं को मोदी सरकार और भजनलाल सरकार की ओर से संपादित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रचार करने के साथ-साथ डबल इंजन की सरकार की ओर से किसानों और खेती के कल्याण के लिए जितनी भी योजनाएं शुरू की है उनके बारे में किसानों को बारीकी से जानकारी उपलब्ध करवाने को कहा है बीकानेर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने के कारण उन्होंने पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए काफी समय



बिताया लेकिन अब वह पूरी तरह से प्रदेश में किसान मोर्चा के संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ प्रदेश के किसानों में आधुनिक खेती और ऑर्गेनिक खेती के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए किसान मोर्चा के माध्यम से जन जागरण अभियान को संपादित कर रहे हैं किसानों के साथ ज्यादा से ज्यादा संवाद किया जा रहा है और उन्हें आधुनिक खेती के लिए बताया जा रहा है नियमित रूप से खेतों में जमीन की मिट्टी का परीक्षण करवरकर कृषि वैज्ञानिक की सलाह के आधार पर ही फसल बोना तथा कम पानी में अच्छी पैदावार कैसे हो इसके लिए फवारा खेती का ज्यादा उपयोग करना तथा जैविक खेती को बढ़ावा देना और यूरिया खाद का कम उपयोग करना तथा दुनिया भर में खेती में हो रहे नवाचारों के बारे में किसानों को अवगत करवाना जैसे विषयों पर भाजपा किसान मोर्चा संगठन से जुड़े लोग ज्यादा से ज्यादा किसानों के साथ संवाद करके किसानों को आधुनिक खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं, कैलाश चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अब भी बहुत से कृषक ऐसे हैं ।

## प्रदेशभर में पेट्रोल पंपों पर बड़ा खुलासाः 43 नोजल सीज, हर महीने लाखों की चपत लगा रहे थे संचालक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** प्रदेशभर में पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं के साथ हो रही कथित धोखाधड़ी को लेकर उपभोक्ता मामले विभाग ने शनिवार को बड़ा अभियान चलाया। विभाग की ओर से 7 जिलों में किए गए औचक निरीक्षण में 25 पेट्रोल पंपों के 43 नोजल में गड़बड़ी मिलने पर उन्हें सीज या बंद कर दिया गया। जांच में सामने आया कि कई पेट्रोल पंप निर्धारित मात्रा से कम पेट्रोल-डीजल दे रहे थे, जिससे उपभोक्ताओं को हर महीने लाखों रुपए का नुकसान हो रहा था। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान कई पेट्रोल पंपों पर हर 5 लीटर ईंधन में 30 से 60 एमएल तक कम डिलीवरी पाई गई। विभाग का आकलन है कि चिन्हित मामलों में ही उपभोक्ताओं से हर महीने करीब 4 लाख रुपए तक की अतिरिक्त वसूली की जा रही थी। सिरोही जिले में सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 पेट्रोल पंपों के 9 नोजल बंद किए गए। रामपीर फिलिंग स्टेशन, पवन फिलिंग, करणी फ्यूल, देवनगरी पेट्रोलियम सर्विस, पार्वती दरिया फिलिंग स्टेशन, सुरेंद्र जितेंद्र ट्रेडर्स और भगवती फिलिंग स्टेशन पर 40 से 50 एमएल तक कम डिलीवरी सामने आई। विभाग के अनुसार इन पंपों पर प्रतिमाह 90 से 360 लीटर तक कम ईंधन दिया जा रहा था, जिससे उपभोक्ताओं को करीब 1.14 लाख रुपए की अनुमानित हानि हो रही थी। अलवर जिले में सिंघल सर्विस स्टेशन और चौधरी सर्विस स्टेशन के 5 नोजल बंद किए गए। यहां 30 से 60 एमएल तक कम ईंधन देने की पुष्टि हुई। विभागीय जांच में सामने आया कि केवल सिंघल सर्विस स्टेशन पर ही प्रतिमाह 648 लीटर तक कम ईंधन दिया जा रहा था। जिले में कुल अनुमानित आर्थिक हानि 91 हजार रुपए से अधिक आंकी गई है। नागौर जिले में 4 पेट्रोल पंपों के 11 नोजल जब्त किए गए। नंदलाल राजेश कुमार कछवाहा फिलिंग स्टेशन, गुलाबदास आत्माराम, मारवाड़ फिलिंग स्टेशन और आरएल सिहाग पेट्रोलियम पर प्रतिमाह 54 से 378 लीटर तक कम ईंधन दिए जाने की




बात सामने आई। यहां करीब 97 हजार रुपए की आर्थिक हानि का अनुमान लगाया गया है। भीलवाड़ा जिले में दीपक पेट्रोलियम, शिव इंडियन ऑयल और श्री श्याम फिलिंग स्टेशन के 4 नोजल बंद किए गए। जांच में इन पंपों पर हर महीने 34 से 90 लीटर तक कम पेट्रोल दिए जाने की पुष्टि हुई। सीकर जिले में सीएसआरबी फिलिंग स्टेशन नायरा के 4 नोजल बंद किए गए, जहां प्रतिमाह 216 लीटर तक शॉर्ट डिलीवरी पाई गई। वहीं पाली जिले में मा आई जी फिलिंग, पूजा एचपी पेट्रोलियम, पार्श्व एनर्जी और कछवा बस सर्विसेज के 5 नोजल बंद किए गए। इन पेट्रोल पंपों पर प्रतिमाह 45 से 180 लीटर तक कम ईंधन दिए जाने से उपभोक्ताओं को 55 हजार रुपए से अधिक की अनुमानित हानि हो रही थी। उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि विभाग उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क है और इस प्रकार की अचानक निरीक्षण कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि विभाग की सक्रियता से आम उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिल रहा है तथा पेट्रोल पंप संचालकों में नियमों के पालन को लेकर जवाबदेही बढ़ी है। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि उपभोक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा नेता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, भाजपा कार्यकर्ताओं में छाई मायूसी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा की बांसवाड़ा जिला इकाई के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अर्जुन सिंह की आत्महत्या किए जाने की खबर सुनने के बाद बांसवाड़ा जिला भाजपा से जुड़े पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी के अनुसार अर्जुन सिंह छोटी सरवन के छायन बड़ी ग्राम पंचायत के रहने वाले थे वर्तमान में बांसवाड़ा भाजपा में जिला महामंत्री पद पर नियुक्त थे। इसके अलावा अर्जुन से छोटी सरवन भाजपा मंडल के अध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी शुरू से जुड़े हुए हैं इसके अलावा अर्जुन सिंह पंचायत समिति के सदस्य भी चुके हैं शनिवार की रात अर्जुन सिंह की बॉडी उनके घर के सामने स्थित पेड़ से लटकी हुई बरामद की गई है हालांकि अर्जुन सिंह के पास किसी भी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है इसलिए आत्महत्या के कारण का एक तरह से पता नहीं चल पाया है जानकारी के अनुसार अर्जुन सिंह जमीन से जुड़े हुए नेता माने जाते थे और बांसवाड़ा जिला भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं में काफी सम्मानित और लोकप्रिय नेता माने जाते थे क्षेत्र के लोगों से नियमित रूप से मुलाकात करते रहते थे और लोगों के सुख-दुख के समय हर हाल में हाजिर रहते थे इसलिए उनकी मौत की खबर सुनकर हर कोई हैरान है और दुखी है पुलिस ने बॉडी को बरामद कर लिया है घटना स्थल से आवश्यक सबूत जुटाए जा रहे हैं ।

संपादकीय जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
18 मई, 2026

## सम्पादकीय

### निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर बढ़ा संकट




निर्वाचन आयोग एक स्वायत्त एवं संवैधानिक संस्था है, जो चुनावी प्रक्रिया का संचालन करने के लिए उत्तरदायी है। यही वह संस्था है, जो लोकतंत्र के मूल तत्त्व को जिंदा बनाए रख सकती है। मगर पिछले कुछ वर्षों से निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर जिस तरह से सवाल उठ रहे हैं, उससे उसकी विश्वसनीयता संदेह के घेरे में आ गई है। दरअसल, कोई भी प्राधिकरण तभी स्वायत्त और निष्पक्ष हो सकता है, जब उस पर कोई बाहरी दबाव न हो और उसके पदाधिकारियों का चयन भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष तरीके से किया जाए। निर्वाचन आयोग में नियुक्तियों को लेकर कई स्तर पर आरोप लगते रहे हैं। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस पर महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को इस मामले में कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संविधान की मूल संरचना का हिस्सा हैं और यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है, जब निर्वाचन आयोग स्वतंत्र हो और इसके कार्यों में स्वायत्तता प्रतीत भी हो। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में लागू किया गया मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 में यह प्रावधान है कि निर्वाचन आयोग में आयुक्तों की नियुक्तियां राष्ट्रपति द्वारा चयन समिति की सिफारिश के आधार पर की जाएंगी। इस समिति में पहले प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल थे, मगर नए कानून में प्रधान न्यायाधीश की जगह केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया है। शीर्ष अदालत में इस कानून की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। सवाल है कि तीन सदस्यीय चयन समिति में सरकार के दो प्रतिनिधि शामिल होने से क्या नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता की उम्मीद की जा सकती है? स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आत्मा को प्रतिबिंबित करता है, ऐसे में अगर निर्वाचन आयोग की संरचना पर ही सवाल उठते रहे, तो जनता के भरोसे का क्या होगा। इसी पहलू पर गौर करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि विश्वास का स्तर इतना होना चाहिए कि ऐसा प्रतीत हो कि चयन समिति में कोई तीसरा निष्पक्ष व्यक्ति भी शामिल है। शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी से निर्वाचन आयोग में नियुक्ति प्रक्रिया को संतुलित किए जाने की उम्मीद जगी है।

# विदेशी मुद्रा बचाने की चुनौती

*सब जानते हैं कि आम भारतीय सुरक्षित निवेश के रूप में सोना खरीदने को प्राथमिकता देते हैं। इस समय विश्व के किसी देश में लोगों के पास सबसे अधिक सोना है तो वह भारतीयों के पास है। एक आकलन के अनुसार लगभग 40 हजार टन सोना भारतीय घरों में है। चूंकि भारत में सोने का उत्पादन बहुत कम होता है, लिहाजा उसका आयात होता है। पिछले वर्ष भारत ने करीब 72 अरब डालर का सोना खरीदा। डालर के मुकाबले रुपया कमजोर होने से सोने के आयात में विदेशी मुद्रा की खपत कहीं अधिक हो रही है।*
*बहुत कम भारतीयों की ओर से अपने सोने को गिरवी रखकर बैंकों से पैसा लेने के कारण यह एक तरह से डेड इन्वेस्टमेंट के रूप में ही पड़ा रहता है। भारतीयों में सोना खरीदकर घर में रखने की ललक के पीछे यह माना जाता है कि उनका बैंकिंग व्यवस्था और शेयर बाजार पर अधिक भरोसा नहीं। इससे भी इन्कार नहीं कि कई लोग अपनी दो नंबर की कमाई सोने में खपाते हैं। चूंकि भारत में आम जन का सोने के प्रति विशेष मोह है, इसलिए सरकार को बैंकिंग व्यवस्था और शेयर बाजार में निवेश को लेकर लोगों के भरोसे की कमी के कारणों पर सोचना चाहिए। विदेशी मुद्रा की सबसे अधिक खपत पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में होती है। इसका कारण अर्थव्यवस्था का तेजी से बढ़ना है, लेकिन तथ्य यह भी है कि भारत में शायद वाहनों का माइलेज सबसे कम होगा।*



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के कारण ढाई माह से होर्मुज समुद्री मार्ग बाधित होने से विश्व में गैस और तेल का जो संकट खड़ा हुआ, वह अब तक जारी है। इसका प्रभाव भारत समेत पूरी दुनिया पर पड़ा है। भारत के लिए होर्मुज स्ट्रेट से बड़े पैमाने पर तेल और गैस की आपूर्ति होती थी। पिछले ढाई माह से इस आपूर्ति में खासी कमी आई है। जैसे-तैसे तेल और गैस से लैस कुछ जहाज होर्मुज स्ट्रेट से निकलकर भारत आ पा रहे हैं। यह अलग बात है कि अभी तक भारत में पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर कोई गंभीर संकट खड़ा नहीं हुआ। भारत सरकार की इसके लिए सराहना करनी होगी कि उसने तेल-गैस की जो वैश्विक चुनौती खड़ी हुई, उसका सामना बखूबी किया।

जब तमाम देशों ने पेट्रोल और डीजल के दाम होर्मुज स्ट्रेट बाधित होने के चंद दिनों बाद ही बढ़ा दिए थे, तब भारत ने करीब 75 दिन बाद बढ़ाए और वह भी अन्य देशों की तुलना में बहुत कम। ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि तेल कंपनियों का घाटा बढ़ रहा था। विश्व में जब भी किसी वस्तु की किल्लत होती है तो उसकी कीमतें बढ़ती ही हैं। यदि पश्चिम एशिया संकट सुलझा नहीं तो पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें और बढ़ सकती हैं। इससे आयात बिल बढ़ेगा। इसे देखते हुए ही पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीयों से अपील की कि वे पेट्रोल और डीजल की बचत करें, विदेश यात्राएं कम करें, वर्क फ्राम होम काम करें और कम से कम एक वर्ष तक सोना न खरीदें।

सब जानते हैं कि आम भारतीय सुरक्षित निवेश के रूप में सोना खरीदने को प्राथमिकता देते हैं। इस समय विश्व के किसी देश में लोगों के पास सबसे अधिक सोना है तो वह भारतीयों के पास है। एक आकलन के अनुसार लगभग 40 हजार टन सोना भारतीय घरों में है। चूंकि भारत में सोने का उत्पादन बहुत कम होता है, लिहाजा उसका आयात होता है। पिछले वर्ष भारत ने करीब 72 अरब डालर का सोना खरीदा। डालर के मुकाबले रुपया कमजोर होने से सोने के आयात में विदेशी मुद्रा की खपत कहीं अधिक हो रही है।

बहुत कम भारतीयों की ओर से अपने सोने को गिरवी रखकर बैंकों से पैसा लेने के कारण यह एक तरह से डेड इन्वेस्टमेंट के रूप में ही पड़ा रहता है। भारतीयों में सोना खरीदकर घर में रखने की ललक के पीछे यह माना जाता है कि उनका बैंकिंग व्यवस्था और शेयर बाजार पर अधिक भरोसा नहीं। इससे भी इन्कार नहीं कि कई लोग अपनी दो नंबर की कमाई सोने में खपाते हैं। चूंकि भारत में आम जन का सोने के प्रति विशेष मोह है, इसलिए सरकार को बैंकिंग व्यवस्था और शेयर बाजार में निवेश को लेकर लोगों के भरोसे की कमी के कारणों पर सोचना चाहिए।

विदेशी मुद्रा की सबसे अधिक खपत पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में होती है। इसका कारण अर्थव्यवस्था का तेजी से बढ़ना है, लेकिन तथ्य यह भी है कि भारत में शायद वाहनों का माइलेज सबसे कम होगा। एक लीटर पेट्रोल या डीजल में भारतीय वाहन सबसे कम सफर कर पाते हैं। इसका कारण हमारी सड़कों का आधारभूत ढांचा कमजोर होना और उनके निर्माण की खराब डिजाइनिंग है। रही-सही कसर सड़कों पर अतिक्रमण के चलते लगने वाले जाम से पूरी हो जाती है। अक्सर टोल-नाकों पर भी जाम लगता है। इस सबके चलते लाखों लीटर पेट्रोलियम उत्पादों की बर्बादी होती है। ऐसा नहीं है कि उन समस्याओं से पार नहीं पाया जा सकता, जिनके चलते जाम लगता है अथवा वाहन धीमी गति से चल पाते हैं, लेकिन इसके लिए जैसी राजनीतिक और सामाजिक इच्छाशक्ति चाहिए, उसका घोर अभाव ही दिखता है। बड़े शहरों की बात तो दूर, अब छोटे-छोटे शहरों में भी जाम लगता है और कभी-कभी तो घंटों तक, लेकिन इसकी चिंता न तो केंद्र सरकार करती है, न राज्य सरकारें और और न ही उनके स्थानीय निकाय। प्रधानमंत्री की अपील पर कई नेताओं ने अपनी कारों का काफिला छोटा किया है या फिर मोटरसाइकिल, मेट्रो से यात्रा कर रहे हैं। ऐसे कदम लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए तो ठीक हैं, पर ईंधन की खपत में कोई ठोस कमी तो जाम की समस्या के समाधान से ही होगी। हाल में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि यदि दिल्ली में एमसीडी के टोल नाकों को पूरी तरह इलेक्ट्रानिक कर दिया जाए तो इससे न केवल प्रदूषण कम होगा, बल्कि जाम से छुटकारे के चलते ईंधन की बचत भी होगी।

दिल्ली की तरह देश के दूसरे शहरों में न जाने कितने ऐसे टोल नाके और ट्रैफिक बाधित करने वाले चोक पाइंट होंगे, जहां अरबों रुपये का ईंधन बर्बाद होता है। सरकारी विभागों को यह समझना होगा कि जाम से मुक्ति पाकर अरबों रुपये का ईंधन बचाया जा सकता है। इससे विदेशी मुद्रा भी बचेगी। चूंकि अपने देश में सड़कों पर अतिक्रमण आम है, इसलिए जाम लगता है और जब जाम लगता है तो ईंधन की बर्बादी होती है। सड़कों पर अतिक्रमण करना अपने यहां एक सामाजिक समस्या बन गई है। इस समस्या से निजात पाने के लिए भी राजनीतिक एवं प्रशासनिक इच्छाशक्ति का अभाव दिखता है। हमारी नौकरशाही समस्याओं के समाधान के दीर्घकालिक उपायों पर गंभीरता से कम ही विचार करती है।

भारत में एक बड़ी आबादी ऐसी है, आर्थिक संपन्नता के मामले में जिसकी तुलना कई यूरोपीय देशों से की जा सकती है। आज यह समर्थ आबादी शायद ही मितव्ययिता का परिचय दे पाए। बेहतर होगा सरकार इस बारे में सोचे कि कैसे ऐसे विकल्प तैयार हों, जिससे यह तबका विदेशी मुद्रा की बचत कर सके।

## कहानी

### परी का शाल

एक महाद्वीप पर बहुत सारे झील और जंगल थे, वहां का पानी बहुत ही साफ और स्वच्छ था। कहते हैं उस पानी में रात को परियां स्नान करने आया करती थी।
इसी द्वीप पर एक आर्य नाम का युवा रहता था, वह परी को देखने के लिए रात को झील के आस-पास घुमता रहता था।
चांदनी रात में एक बार आर्या एक झील के पास से गुजर रहा था तभी उसे कुछ लड़कियों की हंसी की आवाज उसके कानों में पड़ी। आर्य आगे बढ़ा और झाड़ियों में छिपकर झील के तरफ झांकने लगा, उसने देखा किनारे पर रंग-बिरंगे शाल रखे हुए है और बहुत सुंदर-सुंदर सी लड़कियां झील के पानी में खेल रही है।
आर्य के मन में अचानक एक इच्छा जगी उसने एक शाल परी की चुरा ली।
थोड़ी देर के बाद झील के पानी से सभी परी बाहर आ जाती है और घर वापस जाने के लिए अपने उपर सभी परी शाल रखती है तो एक परी की शाल नही होती है, वहां पर वह इधर-उधर बहुत ढुढ़ती है पर उसकी शाल कहीं नही मिलती।
उसके मन में विचार आता है, कि हे भगवान अगर मेरा शाल ना मिला तो मेरा क्या होगा? मै अपने परिवार वालों से कहीं बिछड़ तो नहीं जायूँगी?
होने का समय भी हो जाता है। सभी परी उस एक परी को धरती पर अकेला छोड़कर आकाश में उड़ जाती है।
सभी के जाने के बाद वह अकेली बैठकर रोती रहती हैं, आर्य उस परी के पास जाकर बोलता हैं, प्यारी परी, तुम क्यो रो रही हो? मुझसे डरो मत में बुरा आदमी नहीं हूं?
मेरा शाल खो गया हैं। अब में अपने घर नहीं जा पाउंगी। क्या करूँ, अब परी ने रोते-रोते कहा।
आर्य ने कहा तुम मेरे साथ मेरे घर चलों, इस धरती पर तुम अकेली हो कहां जाओगी, मेरा यकिन करो में बुरा आदमी नहीं हूं? परी ने सोचा शायद यह आदमी ठीक कहता हैं। वैसे भी में इस धरती पर किसी को भी नहीं जानती और अपने परिवार के पास वापस जाने का भी कुछ मालूम नहीं अभी में इसके साथ ही चलती हूं। आर्य ने परी से पूछा- तुम्हारा नाम क्या हैं?
परी ने उत्तर दिया- उर्वशी
आर्य के पास चावल के कई खेत थे, जो अच्छी पैदावार देते थे। परी के आने के बाद आर्य के खेतों की पैदावार दुगनी हो गई। उसके घर भंडार कभी खाली होने का नाम ही नहीं लेते। उन दोनों का समय हंसी-खुशी से बीतने लगा।
एक दिन परी खाना बनाने के लिए भंडार से चावल निकाल रही थी। तो उसे चावल के बीच किसी कपड़े की झलक मिली। उसने उस कपड़े को बाहर निकाला तो वह चौंक पड़ी, अरे ये तो मेरी शाल हैं, इसका मतलब हे कि आर्य ने ही मेरी शाल चुराई थी।
परी अपने घर को याद कर रोने लगती हैं, उसके बाद वह शाल ओढ़ते ही उसके पैरो ने जमीं छोड़ दी। वह ऊंचे उठती गई।
आर्य तभी घर के आंगन में आ जाता हैं, परी के पास शाल देखकर वह बोलता हैं, मेरी प्यार परी मुझे छोड़कर मत जाओ।
मुझे माफ कर दो, मैने तुम्हारा दिल दु:खाया हो तो, परी बिना कुछ बोले आकाश में चली जाती हैं।
आर्य जमीं पर बैठकर पछतावा करता रह जाता हैं।

# आह ताज!

*यह बात अभी हाल ही में पर्यटन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी सामने आई है। जिसके मुताबिक देश में विदेशी पर्यटकों की संख्या में इतनी बढ़ोतरी हुई कि उपेक्षित हो रहे पर्यटन की हौसलाआफजाई हुई है। लेकिन ताजमहल का दीदार करने आने वालों की संख्या में 8.4 फीसद की कमी दर्ज की गई है। क्या यह सोचने की बात नहीं कि मुहब्बत की इस नूरानी निशानी को देखने को तरसने वालों ने इससे मुंह क्यों मोड़ा? यहां आने वालों को यहां की बदइंतजामी का सहज ही अंदाजा हो जाता है। ताज की सुरक्षा में लगे जवानों से लेकर यहां खुद पैदा हुए गाइडों की बेरुखी भी ताज के दीदार में बाधक बनती है। हालांकि उस गाइड की बेरुखी तब गायब हो जाती है जब आप मुहब्बत की इस निशानी को देखने के लिए उसे अपना मार्गदर्शक बनाते हैं। बाकी आपको तिरस्कार से ही देखते हैं। ताज की सुरक्षा की जरूरत से किसी को इनकार*

सत्रहवीं शताब्दी में निर्मित वास्तुशिल्प के इस हैरतअंगेज शाहकार को लेकर कवियों-शायरों की कलम ने खुल कर अपना इजहारे-खयाल किया। लेकिन लगता है कि अपराध और मुनाफाखोरी के इस दौर में ताज को देखने के ख्वाहिशमंदों ने साहिर लुधियानवी के ताजमहल के प्रति जज्बात को कुछ ज्यादा ही संजीदगी से ले लिया। यह दीगर है कि ताजमहल से मुंह मोड़ने के कारण अलग हैं। साहिर ने बेपनाह मुहब्बत के इस नमूने को अपनी मुफलिसी का मजाक समझा और अपनी प्रेयसी से इसरार किया कि वह उसे शानो-शौकत और शाही दंभ की इस मिसाल से परे कहीं दूर मिले, लेकिन ताज पर पिछले वर्ष दाखिल पदचापों की कमी के कारण को अगर जानने की कोशिश की जाए तो जाहिर है कि उसका बायस साहिर की शायराना सोच से इतर है।
शहर में दाखिल होते ही इस बात का साफ इशारा मिला कि बाहुबल के लिए मशहूर उत्तर प्रदेश की सरकार को शायद ही अपनी अप्रतिम विरासत का कोई खास अहसास है। चमकते नीले रंग के होर्डिंग्स को अगर छोड़ दें तो आगरा की हद में दाखिल होते ही शहर अव्यवस्था व कमजोर आंतरिक ढांचे की लगभग दुहाई देता महसूस होता है। यह बदकिस्मती नहीं तो क्या है कि पंद्रहवीं शताब्दी से लेकर मुगल सल्तनत के एक अहमतरीन वक्फे तक देश की राजधानी रहे इस शहर पर अब प्रशासनिक नजरअंदाजी का काला साया है। जिन लोगों ने पिछले दो दशक तक अलग-अलग समय पर ताजमहल को देखा है, उनको यहां पर विदेशी पर्यटकों की कमी सहज ही खलती है। यहां अब विदेशी सैलानियों की वैसी हलचल नहीं, जैसी अतीत में रहती रही है।
यह बात अभी हाल ही में पर्यटन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी सामने आई है। जिसके मुताबिक देश में विदेशी पर्यटकों की संख्या में इतनी बढ़ोतरी हुई कि उपेक्षित हो रहे पर्यटन की हौसलाआफजाई हुई है। लेकिन ताजमहल का दीदार करने



आने वालों की संख्या में 8.4 फीसद की कमी दर्ज की गई है। क्या यह सोचने की बात नहीं कि मुहब्बत की इस नूरानी निशानी को देखने को तरसने वालों ने इससे मुंह क्यों मोड़ा? यहां आने वालों को यहां की बदइंतजामी का सहज ही अंदाजा हो जाता है। ताज की सुरक्षा में लगे जवानों से लेकर यहां खुद पैदा हुए गाइडों की बेरुखी भी ताज के दीदार में बाधक बनती है। हालांकि उस गाइड की बेरुखी तब गायब हो जाती है जब आप मुहब्बत की इस निशानी को देखने के लिए उसे अपना मार्गदर्शक बनाते हैं। बाकी आपको तिरस्कार से ही देखते हैं। ताज की सुरक्षा की जरूरत से किसी को इनकार नहीं, लेकिन उसके कारण अदब से नाता तोड़ना कोई समझदारी की बात नहीं। खासतौर पर तब जबकि ऐसे ही कारणों से पर्यटक अतीत की इस नूरानी निशानी से दूर हो रहे हैं। ताज को नजरों के जरिए अपनी रूह में बसा लेने वाले विदेशी पर्यटकों में यह कमी कोई अचानक नहीं आई है। सर्वेक्षण की मानें तो यह कमी पिछले तीन-चार सालों में बढ़ती चली जा रही है। लिहाजा इस पर अफसोस से अलग और क्या हो सकता है कि केंद्र या राज्य सरकार किसी को भी इस बात की चिंता नहीं कि इस पर रोक लगाई जाए। ताज के आसपास मुनाफाखोरों पर भी सरकार का कोई अंकुश नहीं और न ही इसे व्यवस्थित करने की कोई कोशिश। आगरा में अपराधी भी बेरोकटोक हैं। पिछले साल ताज के पर्यटन केंद्र पर विदेशियों की ओर से छह और कुल डेढ़ दर्जन एफआइआर दर्ज की गई। यहां होने वाली छोटी-मोटी चोरियों व ठगी का तो शायद ही कोई हिसाब हो। यही वजह है कि लोग अब यहां का रुख करने से कतराने लगे हैं। इतने सालों से सरकार यहां वाहनों की पार्किंग के लिए भी कोई व्यावहारिक ढांचा खड़ा नहीं कर पाई। यही वजह है कि यहां की सड़कों पर अराजकता का आलम है।
देश-विदेश में ऐसे आकर्षणों पर पर्यटन का विस्तार इश्तहारों से ज्यादा मुंहजबानी प्रचार पर चलता है।

# प्रधानमंत्री की चेतावनी

पांच देशों के अपने दौरे के तहत संयुक्त अरब अमीरत के बाद नीदरलैंड्स पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए यह सही कहा कि यदि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में तेजी से सुधार नहीं होता तो दुनिया की बहुत बड़ी आबादी फिर से गरीब हो जाएगी। उन्होंने यह चेतावनी देते हुए अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध और उसके चलते होर्मुज समुद्री मार्ग बाधित होने से उपजे संकट का उल्लेख किया। उनका यह कहना भी सही है कि यह दशक आपदा का दिखता है, क्योंकि पहले कोविड महामारी ने विश्व को आर्थिक संकट में धकेला, फिर रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हो गया। इसके बाद इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य टकराव शुरू हो गया। इसके दुष्परिणामस्वरूप खाड़ी देशों से



होर्मुज समुद्री मार्ग के जरिये होने वाली ऊर्जा आपूर्ति बुरी तरह बाधित हो गई। यह आपूर्ति अब तक बाधित है। इसके चलते पूरी दुनिया ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। तेल और गैस की आपूर्ति में कमी आने के कारण लगभग सभी देशों को पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ाने पड़े हैं। पिछले दिनों भारत ने भी उनके दाम बढ़ाए। इसके आसार हैं कि आने वाले दिनों में पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम फिर से बढ़ाने पड़ सकते हैं। पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ने से समूची अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है और महंगाई बढ़ती है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव गरीबों पर पड़ता है। एक ऐसे समय जब भारत पिछले कुछ वर्षों में करोड़ों लोगों को गरीबी से उबारने में सफल हुआ है, तब इससे अधिक चिंता की बात और कोई नहीं हो सकती कि उनमें से तमाम के सामने फिर से गरीब होने का संकट खड़ा हो गया है। यह खतरा केवल भारतीयों के सामने ही नहीं, अन्य विकासशील एवं निर्धन देशों के लोगों के सामने भी है। युद्धों से केवल ऊर्जा आपूर्ति ही प्रभावित नहीं होती, बल्कि सप्लाई चेन पर भी बुरा असर पड़ता है और इसके नतीजे में भी महंगाई बढ़ती है। इसमें संदेह है कि विश्व की एक बड़ी आबादी के समक्ष संकट बढ़ जाने के बाद भी शक्तिशाली देश जिम्मेदारी का परिचय देंगे और टकराव एवं तनाव कम करने के लिए सक्रिय होंगे। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछले कुछ समय में अमेरिका ने अपनी टैरिफ नीति से तमाम देशों को तंग किया है। अब यह भी स्पष्ट है कि उसने नतीजों की परवाह किए बिना इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। चूंकि इसका ठिकाना नहीं कि विश्व में स्थिरता और शांति कब आएगी

## चार साल से फरार 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**चंदवाजी(निस.)।** डीएसटी टीम जयपुर ग्रामीण और चंदवाजी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जानलेवा हमले के मामले में चार साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी अजीज खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस मुख्यालय अपराध शाखा के विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत उसकी तलाश की जा रही थी।



जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि वर्ष 2022 में निम्स परिसर के बाहर जातिसूचक शब्द बोलकर लोहे की सरियों, डंडों और पत्थरों से हमला करने का मामला दर्ज हुआ था। हमले में दो युवकों के सिर पर गंभीर चोटें आई थीं तथा मेडिकल स्टोर में भी तोड़फोड़ की गई थी। मामले में पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि अजीज खान घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। डीएसटी टीम ने साइबर तकनीक और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी का पीछा करते हुए उसे सीकर से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ और अनुसंधान जारी है।

## शनि जयंती पर निकली भव्य ध्वज यात्रा, सजी झांकी



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती बागावास अहिरान स्थित प्राचीन शनि मंदिर में शनिवार को शनि जयंती के अवसर पर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति भाव के साथ विशाल ध्वज यात्रा में भाग लिया। मंदिर पुजारी पारुराम गौड़ व रमेश गौड़ ने बताया कि ध्वज यात्रा का शुभारंभ बिहारी जी मंदिर बागावास अहिरान से किया गया। यात्रा में शनि महाराज की आकर्षक एवं भव्य झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पदयात्रा मुख्य मार्गों से गुजरते हुए शनि मंदिर कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां विशेष पूजा-अर्चना व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत महाराज श्री श्री 1008 श्री ओमकार दास जी महाराज ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न करवाई तथा ध्वज यात्रा को रवाना किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ भक्ति का माहौल बनाए रखा। इस अवसर पर राजेश प्रजापत, डॉ. लक्ष्मण यादव, अशोक मीणा, मुनेश मीणा, रामजीलाल सापला, ज्ञानी यादव, गिराज योगी, विकास यादव, तेजपाल यादव, सुरेश मीणा, रवि गौड़, बल्लू सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दो मैक्स पिकअप में ठूंसकर ले जाए जा रहे 13 पशु मुक्त, चार तस्कर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर पुलिस ने अवैध पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो मैक्स पिकअप वाहनों से क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर ले जाए जा रहे 13 पशुओं को मुक्त कराया है। पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर दोनों वाहन जब्त किए हैं।



पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध कट्टी विरोधी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी श्रवण कुमार तथा वृत्ताधिकारी नरेन्द्र मीणा के सुपरविजन में आंगई थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। आंगई थानाधिकारी कृपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आंगई बाइपास पर नाकाबंदी के दौरान दो मैक्स पिकअप वाहनों को रुकवाया। जांच में वाहनों में 8 भैंस, एक पड़िया और 4 पड़ों को अमानवीय तरीके से ठूंसकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी पशुओं को मुक्त कराया। मौके से आरोपी इकबाल, फिरोज, कामिल और छोटू को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम 1960 एवं संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध पशु तस्करी और पशु क्रूरता के मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बेटियों की शिक्षा को बढ़ावाः अंजनी निशुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने की दिशा में श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से शहर में 'अंजनी निशुल्क कोचिंग क्लासेस' की शुरुआत की गई। कोचिंग क्लासेस का उद्घाटन समारोहपूर्वक किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राएं, अभिभावक और समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेश जैन,



विशम्बर दयाल शर्मा एवं महेंद्र सिंह रहे। अतिथियों ने कहा कि समाज में बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस पहल की शुरुआत की गई है। समिति की ओर से बताया गया कि कोचिंग क्लासेस में कक्षा 10वीं की छात्राओं को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। अनुभवी शिक्षकों द्वारा सभी विषयों की पढ़ाई के साथ नियमित टेस्ट और मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। संस्था ने ऑनलाइन शिक्षा सुविधा भी शुरू की है, ताकि दूरदराज क्षेत्रों की छात्राएं भी घर बैठे पढ़ाई का लाभ ले सकें। इस अवसर पर महेश शर्मा, सुनीत माहे, अजय वर्मा, विश्वेंद्र सिकरवार, बहादुर सिंह, नितेश मुद्गल, भूरा शर्मा, मोहित श्रीवास्तव, कपिल गोयल, दीपक शर्मा एवं आमोद मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे। समिति पदाधिकारियों ने अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में बेटियों का पंजीकरण कराने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत आधार है।

# नारी शक्ति संस्कार और संस्कृति की आधारशिला, भारत की असली ताकत : वासुदेव देवनानी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि नारी केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा, मानवीय मूल्यों और भारतीय संस्कृति की वास्तविक वाहक है। भारत की शक्ति उसकी सांस्कृतिक चेतना, पारिवारिक व्यवस्था और महिलाओं के सम्मान में निहित है। देवनानी रविवार को जयपुर स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में आयोजित समारोह में राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति के एल शर्मा द्वारा संकलित पुस्तक 'गीता शर्मा : एक असाधारण व्यक्तित्व' के विमोचन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने छह ग्रामीण



बालिकाओं को छात्रवृत्ति भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता ने हजारों वर्ष पहले ही महिलाओं को शिक्षा, चिंतन और आध्यात्मिक स्वतंत्रता प्रदान कर दी थी। वैदिक काल में गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषियों ने केवल ज्ञान अर्जित नहीं किया, बल्कि समाज को दिशा देने का कार्य भी किया। भारतीय परंपरा में नारी को सदैव ज्ञान, चेतना और सृजन की केंद्र शक्ति माना गया है। देवनानी ने कहा कि आज स्वतंत्र भारत पुनः उसी वैदिक चेतना को जागृत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि अब देश में महिला विकास से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व आधारित विकास की अवधारणा स्थापित की जा रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, मुद्रा योजना और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सक्रिय सहभागी और नेतृत्वकर्ता बनाया है। उन्होंने कहा कि आज देश की बेटियां सेना, अंतरिक्ष विज्ञान, प्रशासन, खेल और उद्यमिता सहित हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। यह बदलाव केवल सरकारी योजनाओं का परिणाम नहीं, बल्कि भारतीय समाज की जागृत चेतना का प्रतीक है। देवनानी ने कहा कि भारत की वास्तविक ताकत उसकी संस्कृति, अध्यात्म, योग, आयुर्वेद और मानवीय संवेदनाओं में छिपी है। यही कारण है कि आज पूरी दुनिया भारतीय जीवन दर्शन की ओर आकर्षित हो रही है। समारोह को के एल शर्मा, राजीव जैन, बी एम शर्मा और एस एल शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी के के शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में रचना शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## पेयजल लाइन लीकेज से तीन दिन से ठप सप्लाई, रातल्या के ग्रामीणों का प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** डिग्गी-मालपुरा रोड स्थित रातल्या गांव में पेयजल पाइपलाइन लीकेज होने से पिछले तीन दिनों से पानी की सप्लाई बंद पड़ी है। इससे करीब 700 परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर व्यर्थ हो रहा है।

स्थानीय निवासी दिनेश रातल्या ने बताया कि करीब पांच वर्ष पहले जलदाय विभाग द्वारा नेवटा बांध से रातल्या गांव तक पेयजल पाइपलाइन बिछाई गई थी। तीन दिन पहले रिंग रोड चौराहे के पास मेगा हाईवे के बीच पाइपलाइन में लीकेज हो गया, जिसके बाद गांव की जलापूर्ति पूरी तरह बंद हो गई। पंप चालक रामजीलाल शर्मा ने बताया कि लीकेज के कारण सड़क पर बड़ा गड्ढा बन गया है, जिससे हादसे का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने कई बार जलदाय विभाग को सूचना दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने



रविवार को धरना-प्रदर्शन कर विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने 'पानी की सप्लाई चालू करो' के नारे लगाते हुए जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। महिलाओं ने बताया कि गांव में पीने तक का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और लोग मजबूरी में टैंकरों से पानी मंगवा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द पाइपलाइन दुरुस्त कर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है।

## कांग्रेस सेवादल के संगठन सृजन अभियान को मिली नई धार, महंगाई और महिला सुरक्षा पर सरकार को घेरा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत बाड़ी में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर एवं संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम जैनव गार्डन में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि राजेंद्र अड़वाना तथा विशिष्ट अतिथि आर पी मीणा रहे। आयोजन जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित के नेतृत्व में हुआ, जबकि अध्यक्षता यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष परवेज पठान ने की।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने बाड़ी स्थित पेट्रोल पंप पर बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों के विरोध में प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।

राजेंद्र अड़वाना ने कहा कि कांग्रेस सेवादल सेवा, संघर्ष और लोकतंत्र की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने जल्द ही जिले में पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की घोषणा करते हुए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का आह्वान किया।

आर पी मीणा ने कहा कि संगठन तभी मजबूत होता है



जब कार्यकर्ता जनता के बीच सक्रिय रहकर कार्य करें। उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़ने और नई कार्यकारिणी गठन पर जोर दिया।

जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने कहा कि संगठन में सक्रिय और मेहनती कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महिला जिलाध्यक्ष विनेश धौलपुर एवं बैजंती जाटव ने महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों पर चिंता व्यक्त करते हुए महिला सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन रामेंद्र मीणा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवादल पदाधिकारी, कार्यकर्ता और महिलाएं उपस्थित रही।

## चम्बल बजरी माफिया पर सख्तीः 27 मार्गों पर लगेंगे सीसीटीवी

### 16 घाटों पर मोबाइल टीमें करेंगी निगरानी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय चम्बल सेंचुरी क्षेत्र में प्रतिबंधित बजरी खनन और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए धौलपुर पुलिस और प्रशासन ने बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया है। अब जिले में अवैध चम्बल बजरी खनन और परिवहन पर 'तीसरी आंख' से निगरानी रखी जाएगी। इसके तहत जिले के 27 प्रमुख मार्गों और चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जबकि 16 प्रमुख घाटों पर मोबाइल पुलिस पार्टियां लगातार गश्त करेंगी।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन अवैध रेत खनन एवं राष्ट्रीय चम्बल सेंचुरी क्षेत्र में जलीय जीवों के संरक्षण संबंधी आदेशों की पालना में यह कार्रवाई शुरू की गई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव, खान एवं पेट्रोलियम विभाग के निर्देशों के बाद जिले में अवैध बजरी परिवहन के चिन्हित मार्गों पर सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरमथुरा, सोने का गुर्जा, कोतवाली, राजाखेड़ा, सदर धौलपुर, दिहोली, बाड़ी सदर और बसई डांग थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों के जरिए अवैध खनन और परिवहन गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी।



इसके साथ ही अवैध बजरी कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए 16 प्रमुख घाटों पर चार मोबाइल पुलिस पार्टियां तैनात करने की योजना बनाई गई है। ये टीमें संबंधित थाना क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगी। विकास सांगवान ने कहा कि राष्ट्रीय चम्बल सेंचुरी क्षेत्र में अवैध खनन न केवल पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि दुर्लभ जलीय जीवों के अस्तित्व पर भी संकट पैदा करता है। अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा गांवों और ढाणियों में जाकर लोगों को समझाइश भी दी जा रही है, ताकि वे प्रतिबंधित चम्बल बजरी के अवैध कारोबार से दूर रहें। पुलिस का कहना है कि जागरूकता अभियान का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। धौलपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध बजरी खनन और परिवहन की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा ऐसे अवैध कार्यों में शामिल न हों।

## सड़े आलू से तैयार हो रहे फिंगर चिप्स और मोमोज, स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर में इन दिनों फास्ट फूड के बढ़ते चलन के बीच लोगों की सेहत से खिलवाड़ किए जाने का मामला सामने आ रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगने वाले फिंगर चिप्स और मोमोज के ठेलों पर कथित रूप से खराब और सड़े हुए आलू का उपयोग किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना गुणवत्ता जांच के तैयार किए जा रहे खाद्य पदार्थ लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार शहर में बड़ी संख्या में सड़क किनारे फिंगर चिप्स, मोमोज और अन्य फास्ट फूड के ठेले संचालित हो रहे हैं। इनमें उपयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कई जगहों पर सड़े-गले आलू और निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे फूड पॉइजनिंग और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक तले हुए फास्ट फूड और अधिक मात्रा में मैदा से बने खाद्य पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। फिंगर



चिप्स और मोमोज जैसे खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन मोटापा, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर बढ़ने जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। आलू में ग्लाइसेमिक इंडेक्स अधिक होने के कारण यह शरीर में शुगर स्तर को तेजी से प्रभावित करता है। शहर में जगह-जगह लग रहे फास्ट फूड ठेलों पर स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कई स्थानों पर खुले में खाद्य सामग्री तैयार की जा रही है, जहां साफ-सफाई के मानकों का पालन नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से ऐसे ठेलों की नियमित जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह आमजन के स्वास्थ्य के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि फास्ट फूड विक्रेताओं की खाद्य सामग्री की जांच कर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा खराब सामग्री उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें।

## 9.35 ग्राम स्मैक व 35 हजार की नकदी सहित तस्कर गिरफ्तार

**गोविंदगढ़(निस)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस के ऑपरेशन एंटी वेनम 3.0 अभियान के तहत गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नशा कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9.35 ग्राम अवैध स्मैक और स्मैक बिक्री की 35 हजार 550 रुपए की नकदी बरामद की है। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश के निर्देश पर जिलेभर में 1 मई से 31 मई तक ऑपरेशन एंटी वेनम 3.0 अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पूनियां और वृत्ताधिकारी राजेश जांगिड़ के सुपरविजन में थाना प्रभारी विनोद सांखला के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम 16 मई को गोविंदगढ़ क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इस दौरान गौरी का बास में एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली तो उसकी जेब से प्लास्टिक की थैली में भरी स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राकेश कुमार पुत्र कालूराम सांसी निवासी गौरी का बास बताया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी पत्नी उसे स्मैक लाकर देती थी और वह छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचता था। पुलिस ने आरोपी के पास से 9.35 ग्राम स्मैक और बिक्री के 35 हजार 550 रुपए जब्त किए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी मादक पदार्थ कहां से खरीदकर लाता था और किन लोगों को सप्लाई करता था।

## अवैध हथियार सप्लायर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**गोविंदगढ़(निस)।** गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई करने के मामले में वांछित आरोपी अनिल उर्फ डूंगरसिंह उर्फ रामसिंह पहलवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में गंभीर प्रकृति के आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि जयपुर रेंज में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पुनियां और वृत्ताधिकारी राजेश जांगिड़ के निर्देशन में थानाधिकारी विनोद सांखला के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 17 मार्च 2026 को ग्राम सिगोद कला में कार्रवाई के दौरान दो देशी पिस्टल, सात जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में सामने आया कि हथियार भरतपुर निवासी अनिल उर्फ डूंगरसिंह सप्लाई करता था। मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी और उसके साथियों ने वर्ष 2023 में चंदवाजी क्षेत्र में रंगदारी वसूली के लिए फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के खिलाफ खेड़ली मोड़, भुसावर, उद्योग नगर, शाहपुरा और चंदवाजी थानों में भी विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## गांव-गरीब और कमजोर वर्ग के कार्यों को प्राथमिकता दें अधिकारीः राज्यपाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** हरिभाऊ बागडे ने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में चयनित अधिकारी समाज के पिछड़े, कमजोर और गरीब वर्ग की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दें। गांव और गरीब के कार्यों के लिए समय देना ही नए भारत के निर्माण की असली भावना है। उन्होंने कहा कि आदिवासी, घुमंतू और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की शिक्षा की मजबूत नींव रखे बिना देश का समग्र विकास संभव नहीं है। राज्यपाल रविवार को जयपुर में विद्याभारती, राजस्थान द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद के 59 नव चयनित अधिकारियों तथा तीन




नव चयनित भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों का सम्मान किया गया। राज्यपाल ने कहा कि आजादी के बाद देश में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और भारतीय संस्कृति के प्रसार में विद्याभारती ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 1952 से यह संगठन शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपने मन में परिवर्तन लाकर बच्चों को प्रतिभाशाली और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित बनाने का कार्य करें। शिक्षा ही समाज और राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम है और झोपड़ी से महल तक की यात्रा भी शिक्षा के जरिए ही संभव होती है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शासनकाल में लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति ने देश में गुलाम मानसिकता को बढ़ावा दिया, लेकिन नई शिक्षा नीति उस सोच से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों में नैतिक शिक्षा के प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि यदि समाज में नैतिकता मजबूत हो तो पेपर लीक जैसी घटनाएं नहीं होंगी। राज्यपाल ने प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था का उल्लेख करते हुए तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालयों को भारत की गौरवशाली धरोहर बताया। उन्होंने मेवाड़ के वीर योद्धा बप्पा रावल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अरब आक्रमणकारियों को खदेड़ते हुए रावलपिंडी तक पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ करनी चाहिए। उन्होंने बांसवाड़ा, उदयपुर और डूंगरपुर जैसे जनजातीय बहुल क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए आदिवासी और घुमंतू समाज की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में चयनित अधिकारियों को सदैव विनम्र रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की आवाज सुनने, जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाए रखने और गांव-शहर की समस्याओं का प्रभावी समाधान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने से प्रशासनिक सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत होता है। इससे पहले चंद्रशेखर गौड़ ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम, विद्याभारती के अखिल भारतीय मंत्री शिवप्रसाद तथा डॉ. जी. एल. शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे ।

## मूर्तियां लगाने की मांग को लेकर धरना जारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में चल रहा धरना रविवार को 15 वें दिन भी जारी रहा। धरने पर तरूण सियोता, बिलाल भूरान, इकबाल खां, पृथ्वीराज लाखन, अरविंद विश्वेंद्रा, राजकुमार, कृष्ण गौड़, विजय, सोहिल गोपालपुरिया, राजेश, शशिकान्त तेजस्वी, राजेश, शंकरलाल सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल ने बताया कि गांधी चौक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी पंड़ित गिरीशचन्द्र मिश्र, पं. जवाहरलाल नेहरू की मूर्तियां लगाए जाने तक आन्दोलन जारी रहेगा।

## खानपुर जाने वाले रास्ते पर भरा रहता है गंदा पानी, लोग परेशान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय तिरपाल मंडी से जैन विश्व भारती जाने वाला खानपुर लाडनूं क्षेत्र का आम रस्ता बदहाल स्थिति में है। यहां रोड पर कई जगह पानी भरा रहता है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी आती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रोड पर सुजानगढ़ शहर का पानी आता है। नाले नहीं बने होने और नालियों की सफाई नहीं होने के कारण यह पानी रोड पर आ जाता है। साथ ही पानी निकालने के लिए बना पंप भी बंद पड़ा रहता है। लेकिन नगर परिषद इस पर कोई ध्यान नहीं देती। मोहम्मद रफीक खींची ने बताया कि हर साल यहां नगर परिषद नालों की सफाई करवाती है, लेकिन इस बार नहीं करवाई गई। साथ ही पानी निकालने वाले पंप का बिजली कनेक्शन भी कटा हुआ है। क्योंकि नगर परिषद ने इसका बिल नहीं भरा। पंप की पाइपलाइन में कई जगह लीकेज है। उन्होंने नालों की रिपेयरिंग करवाने और पंप चालू करवाने की मांग रखी। प्रदीप सिंह राठौड़ ने बताया कि पिछले साल भी यहां बारिश के समय बहुत बुरी स्थिति हुई थी। अगर समय रहते नगर परिषद ने ध्यान नहीं दिया तो यहां बहुत बुरी स्थिति हो सकती है।

## कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय शिवपुराण कथा का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** सालासर के निकटवर्ती ग्राम गुडावड़ी में रविवार को सात दिवसीय शिवपुराण कथा का श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन रतनगढ़ रोड स्थित शिव मंदिर बाबा गुमानदास बगीची में किया जा रहा है, जहां पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम से पूर्व सुबह सवा नौ बजे ठाकुरजी मंदिर से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर डीजे की भक्ति धुनों के साथ पूरे गांव में भ्रमण किया। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। आयोजन समिति से जुड़े राजेश ढूकिया ने बताया कि कथा के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रवचनों और भजनों का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचिका साध्वी उमा भारती ने पहले दिन भगवान शिव और माता पार्वती के प्रसंग का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर यजमान रिछपाल ढूकिया, महेंद्र ढूकिया, भंवरलाल राव, ज्ञानाराम ढूकिया, संजय चौधरी, गोमाराम स्वामी, शंकरलाल शर्मा और मनोहरलाल ढूकिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## चलित शीतल जल मंदिर का शुभारंभ




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में रोटरी क्लब की ओर से हीट वेव को देखते हुए आमजन के लिए चलित रोटरी शीतल जल मन्दिर का शुभारम्भ एसबीडी राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या कविता शर्मा एवं कैप्टन सुधीर दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन गणेश जैसनसरिया, क्लब सचिव विश्वेन्द्र सिंह बिल्यू, कार्यक्रम संयोजक राजकुमार तिवाड़ी, कोषाध्यक्ष राजकुमार खटोड, महेश डागा, डॉ अशोक गुप्ता, मुकेश सैनी, डॉ प्रभाकर दीक्षित, श्याम तोषनीवाल, वेदप्रकाश महर्षि, दीपक बच्छावत, शिवशंकर रातुसरिया, पंकज गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### झुंझुनूं फायर स्टेशन पर आग से बड़ा खतरा 'फर्जी कॉल्स'

# फायरमैन बोले : मजाक और टाइमपास बन रहे फायर ब्रिगेड नंबर, अब होगी कानूनी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं शहर में आगजनी जैसी आपात स्थिति में लोगों की पहली उम्मीद फायर ब्रिगेड होती है। एक फोन कॉल पर दमकलकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद के लिए दौड़ पड़ते हैं। लेकिन इन दिनों फायर स्टेशन पर आने वाली फर्जी और गैर-जरूरी कॉल्स कर्मचारियों के लिए बड़ी परेशानी बन गई हैं। अब इस तरह की कॉल करने वालों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई जाएगी। झुंझुनूं के मुख्य अग्निशम केंद्र के फायरमैन दिलीप सिंह ने फर्जी कॉल्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इससे इमरजेंसी लाइन बिजी हो जाती है।

**हर घंटी को मानते हैं इमरजेंसी कॉलः**

फायरमैन दिलीप सिंह ने कहा कि झुंझुनूं फायर स्टेशन के कर्मचारी 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहते हैं और इमरजेंसी लैंडलाइन




की हर घंटी को हादसे की सूचना मानकर तुरंत रिस्पॉन्स करते हैं। लेकिन कई बार सामने से मजाक और गैर-जरूरी बातें सुनने को मिलती हैं। फायरमैन दिलीप सिंह ने बताया कि कई बच्चे खेल-खेल में कॉल कर देते हैं, जबकि कुछ युवक मोबाइल रिचार्ज जैसी बातें कहकर मजाक करते हैं। कई लोग सिर्फ 'कहां से बोल रहे हो?' पूछकर फोन काट देते हैं या लाइन होल्ड पर छोड़ देते हैं।

### रोजाना 8 से 10 फर्जी कॉल्स आ रहीं:

फायरमैन दिलीप सिंह ने बताया - फायर स्टेशन पर रोजाना औसतन 8 से 10 फर्जी या गलती से की गई कॉल्स आती हैं। चूंकि यह इमरजेंसी नंबर है, इसलिए इस पर तुरंत कॉल लग जाती है। कर्मचारियों के मुताबिक कुछ लोग इसे मनोरंजन का साधन समझने लगे हैं, जबकि फायर ब्रिगेड के लिए हर सेकंड बेहद महत्वपूर्ण होता है। फायरमैन दिलीप सिंह ने अपील करते हुए कहा कि फर्जी कॉल करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लाइन बिजी होने से बढ़ सकता है खतराः

दिलीप सिंह ने बताया कि लगातार फर्जी कॉल आने या लाइन होल्ड रहने से मुख्य फोन लाइन बिजी हो जाती है। ऐसे में अगर कहीं सचमुच आग लग जाए तो पीड़ित को मदद के लिए कॉल करने पर लाइन बिजी मिल सकती है। उन्होंने कहा कि आगजनी जैसी घटनाओं में कुछ सेकंड की देरी भी भारी नुकसान का कारण बन सकती है। इससे घर जल सकते हैं, लाखों की संपत्ति राख हो सकती है और किसी की जान भी जा सकती है। फायरमैन दिलीप सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और पुलिस जैसी सेवाएं समाज की लाइफलाइन हैं। इनके नंबरों का उपयोग केवल आपात स्थिति में ही करें। अब फर्जी कॉल करने वालों के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत भी दर्ज करवाई जाएगी।

## सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में तारानगर स्थित एमएसजी हाईटेक गुरुकुल गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा टीना ने 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। खास बात यह रही कि टीना राष्ट्रीय स्तर की वुशू और बॉक्सिंग खिलाड़ी होने के बावजूद पढ़ाई में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनी हैं। विद्यालय की प्रिंसिपल हिमांशु रानी इंसा ने बताया कि कक्षा 12 में कुल 24 छात्राएं अध्ययनरत थीं और सभी छात्राएं परीक्षा में सफल रहीं। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि 10 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 4 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इसके अलावा 9 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रिंसिपल ने कहा कि छात्रा टीना ने खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर यह साबित किया है कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी छात्राओं को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए



बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्राओं को जीवन में निरंतर प्रगति करते हुए नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया तथा इस सफलता का श्रेय पूजनीय संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह के प्रेरणादायक मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से विद्यालय लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम दे रहा है।

## मौजवास में ग्राम रथ अभियान का भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मंडावा विधानसभा क्षेत्र के मौजवास गांव में राजस्थान सरकार के ग्राम रथ अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। एलईडी वैन, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों और विभागीय स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

मौजवास के आम चौक में आयोजित ग्राम रथ अभियान कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एलईडी वैन के माध्यम से 13 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का डिजिटल प्रसारण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का लाइव संबोधन भी ग्रामीणों को दिखाया गया।

लोक कलाकारों ने गीत, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए योजनाओं को सरल और रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महिलाओं, किसानों और युवाओं ने विशेष रुचि दिखाई तथा कई लोगों ने मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी प्राप्त किया।

पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार ने बताया कि

'राज्य सरकार गांव, गरीब और किसान के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। ग्राम रथ अभियान सरकार और ग्रामीणों के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बन रहा है।'

मंडावा तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने ग्रामीणों से योजनाओं की जानकारी लेकर अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

'सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ग्रामीण योजनाओं की सही जानकारी लेकर लाभ उठाएं।'

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई रस्म का आयोजन किया गया। वहीं कृषि विभाग ने किसानों को तारबंदी योजना और सिंचाई पाइपलाइन योजना के तहत अनुदान स्वीकृति पत्र वितरित किए।

कोमल राजपूत, पर्यवेक्षक एवं सीएमओ जयपुर ने कहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक सहज रूप से पहुंच रही है और लोगों में जागरूकता बढ़ रही है।'

कार्यक्रम में पंचायत समिति मंडावा के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। ग्राम रथ अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचाई जा रही है।इस अवसर पर विकास अधिकारी पंचायत समिति मंडावा अमित चौधरी, राजेंद्र ठेकेदार, सरपंच मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार, सामाजिक सुरक्षा ब्लॉक अधिकारी सुनीता, बीएसओ शारदा देवी, विद्युत विभाग के एन. संजेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार सैनी, ग्राम विकास अधिकारी पिंटू काजला, कनिष्ठ सहायक हरिओम शर्मा, कृषि विभाग के राजेंद्र, प्रवीण कुमार, मनमोहन सिंह, महिपाल, राकेश कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## गायत्री यज्ञ में आहुतियां देकर की सुख-समृद्धि की कामना

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में नामदेव मंदिर निःशुल्क योग क्लास की ओर से 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को श्रीश्याम वाटिका में आयोजित गायत्री महायज्ञ व हवन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। यज्ञ श्यामसुंदर झीकनाड़िया तथा श्री नामदेव मंदिर निःशुल्क योग क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 121 श्रद्धालुओं एवं योग साधकों ने भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां दी। कार्यक्रम में अशोक हरचंदानी व हेमा हरचंदानी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अत्यंत प्रभावशाली व आध्यात्मिक वातावरण में हवन सम्पन्न करवाया। उन्होंने गायत्री महायज्ञ के महत्व व मानव जीवन में इसके सकारात्मक प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। योग समिति के संरक्षक नथमल वर्मा ने बताया कि गायत्री यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। मानसिक शांति प्राप्त होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज में संस्कार, सद्भाव व आत्मिक चेतना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पवन कुमार भोजक, पार्षद लाल बहादुर सेवदा, जगदीश प्रसाद प्रजापत, ललित पारीक, योगगुरु संत कुमार कौशिक, महेश सेवदा,



गोपाल सेवदा, राधेश्याम भोजक, भरत शर्मा, सुरेन्द्र मूंधड़ा, नामदेव समाज के अध्यक्ष विनोद कुमार खत्ती, भंवरलाल भाटी, हिमांशु राय पुर्वा सहित अनेक योग साधकों में सुलोचना वर्मा, माया पारीक, अनिता भोजक, मीना शर्मा, एकता माटोलिया, आकांक्षा पारीक, इंद्रा देवी, मीनाक्षी पारीक, जय कृष्णा शर्मा, कविता जैन ,अरुणा झंवर, सीमा मूंधड़ा, यशोदा, संतोष, रितु, शशि शर्मा का विशेष सहयोग रहा। योगगुरु मोहन लाल शर्मा ने सभी सहयोगियों, श्रद्धालुओं व उपस्थित योग साधकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार समाज हित व आध्यात्मिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

## समय पर इलाज नहीं कराया तो जानलेवा हो सकता है हाई बीपीः भामू

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे के अवसर पर झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में विशेष हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच करवाई और निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया। कैंप का उद्घाटन अस्पताल के पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र भाम्बू ने किया। उन्होंने कहा कि ब्लड प्रेशर की समय पर जांच और इलाज नहीं कराया जाए तो यह गंभीर और जानलेवा बीमारी साबित हो सकती है। इसके कारण नकसीर, लकवा, अंधापन और किडनी खराब होने जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और हृदय रोग एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। वर्तमान समय में सिस्टोलिक की तुलना में डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर बढ़ना अधिक खतरनाक साबित हो रहा है। अस्पताल के आरएमओ डॉ. विजय झाझड़िया ने कहा कि हाई ब्लड प्रेशर एक 'साइलेंट किलर' बीमारी है, इसलिए लोगों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. उमेश चाहर ने शिविर में आए लोगों को ब्लड प्रेशर के लक्षणों, बचाव और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगले सात



दिनों तक जागरूकता शिविरों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। कैंप में कुल 149 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई, जिनमें 86 पुरुष और 63 महिलाएं शामिल थीं। इस दौरान 15 मरीजों का फॉलोअप किया गया, जबकि 3 नए मरीज भी सामने आए। रोजाना कम से कम 30 मिनट व्यायाम या योग करें। जंक फूड और ज्यादा तेल-मसाले वाले भोजन से बचें। नमक का सीमित उपयोग करें। तनावमुक्त जीवनशैली अपनाएं। प्रतिदिन 7 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद लें। शिविर के दौरान डॉ. संजय खीचड़, डॉ. अरविंद जाखड़, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश जांगीड़ सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे।

## इल्म-ए-दीन की अहमियत पर दिया संदेश

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** राजलदेसर स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया नूरूल इस्लाम में रविवार को 'मिशकात शरीफ' के पहले सबक का कार्यक्रम धार्मिक और अकीदतमंद माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उलेमा, मदरसा स्टाफ, विद्यार्थी एवं कस्बे के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में सरदारशहर स्थित मदरसा जामिया लतीफिया के शेखुल हदीश मौलाना शकील अहमद ने मिशकात शरीफ की फजीलत और इल्म-ए-दीन की अहमियत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ तालीम हासिल करने की नसीहत दी। इस दौरान मौलाना उस्मान ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए दीन और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में मदरसा के सदर शबीर बगड़, मौलाना खलील अहमद, हाजी शेर मोहम्मद खोखर, इदरीश खत्री, मंडल अध्यक्ष मोहम्मद



जब्बार खोखर, फारूक साहब, नब्बीबकस निर्बान, हाजी सफी काजी, मोहम्मद शरीफ छींपा, हमीद चौहान, रिजवान बगड़, इकबाल बगड़, अमजद निर्बान, इम्तियाज खत्री एवं असगर बगड़ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन दुआ के साथ हुआ। अंत में मदरसा इंतजामिया कमेटी की ओर से सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT RAJPURA P.S. PATAN (SIKAR)**

S. NO. 99 DATE: 14/05/2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract of Material Procurement in varies construction works undar MGNAREGA and Other Scheme For FY 2026-27 are invited from intersted bidders till Date 26-05-2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS : 3000000

UBN No. PKP2627GLRC00045

PRASHASHAK
G.P. RAJPURA

VDO
G.P. RAJPURA

## पेंशनर समाज उप शाखा कार्यकारिणी का गठन,ब्रह्मभट्ट बने अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा बिजौलियां की कार्यकारिणी का गठन सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ब्रह्म भट्ट ,उपाध्यक्ष दिलदार सिंह राजोरा, दुर्गा लाल वर्मा, धन कंवर, मंत्री सचिव गोपाल लाल सोनी, संगठन मंत्री उदय लाल कोली, कोषाध्यक्ष नंदलाल धाकड़ अधिकारी, सलाहकार बालूराम धाकड़, सदस्य कैलाश चंद खटीक, घनश्याम धाकड़, गोपाल लाल कोली, रुस्तम हुसैन, शिवनारायण तिवारी, ब्रज किशोरी , राधेश्याम गहलोत, कैलाश चंद्र तेली, नंदलाल धाकड़ पेंटर, लोकेंद्र सिंह राव व अशोक कुमार सोनी को मनोनीत किया गया। निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद जैन एवं गोविंद पाराशर के सानिध्य में निर्विरोध निर्वाचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण कुमार चित्तौड़ा,संरक्षक घनश्याम मेड़तिया , चुन्नीलाल धाकड़, भवानी शंकर पाराशर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 80 वर्ष पूर्ण कर चुके 11 पेंशनर्स का माला व साफा पहना कर सम्मान किया गया। चुनाव कार्यक्रम 115 पेंशनर्स की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



## आरएएस में अंतिम चयन होने पर किया हेमा धाकड़ का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** क्षेत्र की जावदा निवासी हेमा धाकड़ का आरएएस में अंतिम चयन होने पर आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय परिवार की ओर से हेमा का सम्मान किया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ब्रह्मभट्ट, सचिव नंद लाल धाकड़ प्रधानाचार्य मिठू लाल शर्मा,माया टेलर, रुक्मिणी गौड़ ने तिलक लगाकर ,श्रीफल, शॉल,केसरिया दुपट्टा व श्रीमद्भगवत गीता भेंट की। कक्षा दसवीं के भैया-बहनों के साथ हेमा धाकड़ ने कैरियर गाइडेंस पर संवाद किया। कार्यक्रम में देवकरण धाकड़, ओम शर्मा, कमला गौड़, प्रिया कानावत, योगिता सोलंकी, ईश्वर सेन, पिंकी गौड़, कविता चौहान, मुकेश कुमार, दिव्य राजपूत, लक्ष्मी गौड़, कुलदीप कानावत और कक्षा दसवीं के भैया-बहन उपस्थित रहे।



## खानपुरा में आज लगेगा ऊर्जा संरक्षण कैंप, ग्रामीणों को बताएंगे बिजली बचत के उपाय

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) उपखंड राजाखेड़ा के अंतर्गत सोमवार को गांव खानपुरा में ऊर्जा संरक्षण एवं बिजली बचत को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जेवीवीएनएल उपखंड अधिकारी आनंद तिवारी के निर्देशन में किया जाएगा। ऊर्जा संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को बिजली बचत के महत्व और सुरक्षित विद्युत उपयोग के बारे में जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय भाषा में नुक्कड़ नाटक, गोष्ठियां और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को अनावश्यक बिजली उपयोग से बचने, ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल तथा सुरक्षित विद्युत उपयोग के सरल उपायों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही यह भी बताया जाएगा कि ऊर्जा संरक्षण केवल बिजली बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक बचत से भी जुड़ा हुआ है। अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे आवश्यकता के अनुसार ही बिजली का उपयोग करें और ऊर्जा संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों- कर्मचारियों की उपस्थिति रहने की संभावना है।




## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे, आज से शुरू होगा जल मंदिर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पंचायतीराज व माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से भीषण गर्मी में पक्षियों की सुरक्षा और राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से परिंडे लगाने व जलसेवा अभियान शुरू किया गया। रविवार को सर्किट हाउस परिसर में संघ पदाधिकारियों ने पेड़ों पर एक दर्जन परिंडे बांधकर उनमें पानी भरा। अभियान का शुभारंभ संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि पशु-पक्षी प्रकृति की अनमोल धरोहर हैं और गर्मी में उनके लिए दाने-पानी की व्यवस्था करना सभी का नैतिक दायित्व है। संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर ने बताया कि संगठन पिछले कई वर्षों से परिंडे लगाने का अभियान चला रहा है। साथ ही सोमवार से राहगीरों के लिए शीतल जल उपलब्ध कराने हेतु सार्वजनिक प्याऊ 'जल मंदिर' की भी शुरुआत की जाएगी। इस अवसर पर चन्द्रशेखर शर्मा, भानु प्रताप परमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम रथ अभियान से गांव-गांव पहुंचीं योजनाएं, किसान-युवा और महिलाओं को मिला लाभ : भजनलाल शर्मा

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। ग्राम रथ अभियान के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधे आमजन तक पहुंचाई जा रही है, जिससे लोगों को योजनाओं का लाभ लेने में आसानी हो रही है।

मुख्यमंत्री शनिवार को धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के नरपुरा गांव से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेशभर में आयोजित ग्राम विकास चौपाल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार किसान, मजदूर, महिला और युवाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 27 अप्रैल से शुरू किए गए ग्राम रथ अभियान के तहत प्रदेश की 183 विधानसभा क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई गई है। ग्राम रथों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं, पात्रता और लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल संकट के स्थायी समाधान के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौते सहित विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। साथ ही पिछले दो वर्षों में अच्छी बारिश के कारण बांधों में पर्याप्त पानी की आवक हुई है। ऊर्जा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है और वर्ष 2027 तक सभी जिलों में यह सुविधा शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने किसानों से पीएम कुसुम योजना का लाभ उठाकर अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता बनने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे निजी क्षेत्र में तीन लाख युवाओं को रोजगार मिला है। साथ ही सरकार चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के संकल्प को भी पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में पेपर लीक से युवाओं के सपने टूटे, लेकिन वर्तमान सरकार में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार योजनाएं लागू कर रही है। राजीविका से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत पशुपालकों को प्रति लीटर पांच रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। राज्य सरकार मोबाइल वेटरनरी वैन के जरिए पशुपालकों को गांव स्तर पर सेवाएं भी उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग कर आधुनिक और जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने फलदार वृक्ष लगाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की भी अपील की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। लाभार्थियों ने कहा कि ग्राम रथ अभियान के जरिए उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी मिली, जिससे योजनाओं का लाभ लेने में आसानी हुई है। किसानों ने फसल बीमा योजना का लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री का आभार भी जताया। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ, विकास अधिकारी राजेश लवानियां, भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, धीर सिंह जादौन, वाचाराम बघेल, रथ प्रभारी शिवचरण कुशवाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ग्राम रथ अभियानः नारणावास पहुंचा रथ, एलईडी वैन से मिली 13 विभागों की योजनाओं की जानकारी

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले में चल रहे ग्राम रथ अभियान के तहत रविवार को ग्राम रथ नारणावास ग्राम पंचायत पहुंचा। एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, सहकारिता, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास सहित 13 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति दिखाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। रथ में सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं व सुझाव दर्ज कराए। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की कार्य प्रभारी अंतिमा सैन ने नारणावास प्रशासक जशोदा कंवर से सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, स्कूल भवनों की स्थिति, पटवार भवन की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया।

इन समस्याओं को रखा प्रमुखता से ग्रामीणों ने नारणावास से जागनाथ महादेव तक जर्जर सड़क का नवीनीकरण करवाने, नारणावास में गौरव पथ की 1 किलोमीटर छोटी व जर्जर सड़क को 18 फीट चौड़ाई के साथ नई बनाने, राउमावि नारणावास में रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति करने, जल जीवन मिशन के तहत बन रहे उच्च जलाशय (बड़ी टंकी) का कार्य पूरा करवाने व घरों मे लगे नलों मे पानी की सप्लाई करवाने, नया नारणावास स्थित जर्जर पटवार भवन की मरम्मत कराने, नारणावास, नया नारणावास व धवला मे रोडवेज बस आरम्भ करवाने की मांग प्रमुखता से रखी। प्रशासक जशोदा कंवर ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर आरआई ओमप्रकाश, रथ यात्रा प्रभारी आरआई रमेश कुमार, नया नारणावास प्रधानाध्यापक रूप सिंह राठौड़, सहायक विकास अधिकारी ताराराम सुंदेशा, वीडीओ लच्छा राम प्रजापत, वीडीओ उषा खत्री, पटवारी नरेश कुमार, विरेन्द्र यादव, जोरावर सिंह, भजनसिंह, ईश्वर सिंह, एलडीसी प्रेम प्रकाश गर्ग, महावीर गहलोत, मुकेश देवासी, कानाराम, हीर सिंह, मदनसिंह, महेन्द्रसिंह, सुजान सिंह, लालाराम हीरागर, हंसा राम गर्ग, दुदाराम आदि मौजूद रहे।

## जालोर विश्वकर्मा समाज के छात्रावास भवन का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** आहोर रोड स्थित विश्वकर्मा छात्रावास भवन का लोकार्पण रविवार को भैरवधाम अखाड़ा बागरा के महंत विक्रमनाथ तथा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर मठ भीनमाल के महंत सनातन गिरी के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। समारोह में शिक्षा, संगठन और सामाजिक विकास को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला व सत्र न्यायाधीश एम.आर. सुथार रहे। विशिष्ट अतिथियों में जीएसटी विभाग नई दिल्ली के उपायुक्त दिनेश सारंग तथा जोधपुर प्रांत कार्यवाह खीमाराम सुथार उपस्थित रहे। छात्रावास भवन का लोकार्पण संस्थान अध्यक्ष मोहन पाराशर, उपाध्यक्ष बी.एल. सुथार व समाज की ओर से नागरिकों ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज का स्थायी विकास शिक्षा से ही संभव है। छात्रावास विद्यार्थियों को केवल आवास सुविधा ही नहीं देता, बल्कि उनमें अनुशासन, सामूहिक जीवन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समरसता जैसे गुणों का विकास भी करता है। वक्ताओं ने महिला शिक्षा को समाज निर्माण की आधारशिला बताया। समारोह में राजस्थान व गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा, खेलकूद व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों और युवाओं का सम्मान भी किया गया। संस्थान पदाधिकारियों ने बताया कि छात्रावास भवन में विद्यार्थियों का निवास प्रारम्भ हो चुका है। साथ ही भोजनशाला व अतिथि गृह निर्माण का शिलान्यास भी किया गया। इससे बाहर से आने वाले विद्यार्थियों, अभिभावकों व अतिथियों को सुविधा मिल सकेगी। भविष्य में परिसर में करीब 800 व्यक्तियों की क्षमता वाले आधुनिक सभागार का निर्माण भी प्रस्तावित है। संस्थान अध्यक्ष मोहन पाराशर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दानदाताओं व समाजबंधुओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से तैयार यह संकुल भविष्य में शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक जागरण का प्रमुख केंद्र बनेगा। परिसर में प्रस्तावित विश्वकर्मा मंदिर आध्यात्मिक गतिविधियों का केंद्र रहेगा। कार्यक्रम का संचालन मीठालाल जांगिड़ ने किया। अंत में कोषाध्यक्ष उदाराम सुथार ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सहयोग देने का आह्वान किया।

## गौसेवा में उमड़ी आस्था, 2.5 क्विंटल लापसी महाभोग और हरे चारे की सेवा से गूंजा गौशाला परिसर

जयपुर टाइम्स





**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर स्थित श्री राम गौशाला सेवा समिति में रविवार को श्रद्धा, सेवा और सनातन संस्कारों का अद्भुत संगम देखने को मिला। गौमाता की सेवा के लिए आयोजित विशेष कार्यक्रम में भामाशाहों और गौभक्तों का ऐसा समर्पण दिखाई दिया कि पूरा गौशाला परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। 'जय गौ माता' और 'जय गोपाल' के जयघोषों से माहौल गूंजता रहा।

समिति अध्यक्ष धीरज सांखला के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय कानाराम माली की पांचवीं पुण्यतिथि को सेवा और संस्कार के पर्व के रूप में मनाया गया। उनके सुपुत्र रमेश माली एवं बसंत माली के साथ समाजसेवी दिलीप कुमार शांतिलाल सोनी द्वारा गौमाता को 2.5 क्विंटल लापसी का विशाल महाभोग अर्पित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गौमाता के पूजन और आरती के साथ हुई। इसके बाद गोवंश को प्रेमपूर्वक लापसी खिलाई गई। श्रद्धालुओं ने गौसेवा को मानवता और सनातन संस्कृति की सबसे बड़ी साधना बताते हुए बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

इसी सेवा श्रृंखला में गौशाला के उपाध्यक्ष रवि भाई अग्रवाल की प्रेरणा से ओमप्रकाश मोहनलाल भाटी द्वारा एक ट्रॉली हरा चारा भी गौशाला को भेंट किया गया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे सेवाभावी भामाशाह समाज में करुणा, संस्कार और गौभक्ति की भावना को मजबूत कर रहे हैं।

समिति ने कहा कि क्षेत्र में गौसेवा के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। अब लोग अपने पारिवारिक और धार्मिक आयोजनों को भी गौमाता की सेवा से जोड़कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। समिति ने सभी गौभक्तों और भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गौसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं और गौमाता की सेवा ही सच्चे अर्थों में मानवता की सेवा है।

कार्यक्रम के दौरान गौमाता के लिए विशेष पूजा-अर्चना कर सभी दानदाताओं एवं उनके परिवारों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर बसंत कुमार माली, दिलीप कुमार सोनी एवं उनका परिवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, खीमाराम कुमावत, व्यवस्थापक पुखराज कुमावत, मोहनदास वैष्णव सहित अनेक गौभक्त और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## युवाओं ने खुद संभाली जिम्मेदारी, श्रमदान से चमका दी गांव की मुख्य सड़क

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा उपखंड के तांसोड गांव में युवाओं ने सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी की अनूठी मिसाल पेश की है। प्रशासनिक इंतजार करने के बजाय गांव के युवाओं ने खुद पहल करते हुए गंदगी और झाड़ियों से अटी पड़ी मुख्य सड़क को साफ कर उसकी तस्वीर बदल दी। युवाओं के इस प्रयास की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

गांव की मुख्य सड़क लंबे समय से कचरे, मलबे और झाड़ियों से घिरी हुई थी, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर गांव के युवाओं ने खुद मोर्चा संभालने का निर्णय लिया। रविवार सुबह गांव के दर्जनों युवा एकजुट होकर हाथों में झाड़ू, कुदाल, तगाड़ी और फावड़े लेकर सड़क पर उतर आए। युवाओं ने सड़क के दोनों ओर उगी कंटीली झाड़ियों को हटाया और रास्ते पर फैला कचरा एवं प्लास्टिक एकत्रित कर सुरक्षित तरीके से निस्तारित किया। कुछ ही घंटों में सड़क पूरी तरह साफ और व्यवस्थित नजर आने लगी। युवाओं के इस अभियान को देखकर गांव के बुजुर्ग और बच्चे भी प्रेरित हुए तथा सफाई कार्य में सहयोग के लिए आगे आए। देखते ही देखते यह अभियान सामूहिक जनभागीदारी का उदाहरण बन गया। स्वच्छता अभियान में शामिल युवाओं ने कहा कि हर समस्या के समाधान के लिए केवल सरकार या प्रशासन पर निर्भर रहना उचित नहीं है। गांव और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। युवाओं ने संकल्प लिया कि वे आगे भी हर सप्ताह गांव के अलग-अलग हिस्सों में स्वच्छता अभियान चलाएंगे। ग्रामीणों ने युवाओं के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि तांसोड के युवाओं ने पूरे क्षेत्र के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। अब सड़क से गुजरने वाले लोगों को राहत मिल रही है और गांव का वातावरण भी साफ-सुथरा दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि युवाओं की इच्छाशक्ति और एकजुटता ने यह साबित कर दिया कि बिना सरकारी बजट के भी सामूहिक प्रयासों से गांवों की तस्वीर बदली जा सकती है।

## राजाखेड़ा में बदल रहे सियासी समीकरण, पहाड़ी गांव में भाजपा को मिला खुला समर्थन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। पहाड़ी गांव में भाजपा की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीरजा अशोक शर्मा के स्वागत कार्यक्रम ने क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया।

त्यागी परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम केवल स्वागत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीणों ने कांग्रेस की नीतियों और स्थानीय नेतृत्व को लेकर नाराजगी भी खुलकर जाहिर की। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र लंबे समय से विकास कार्यों, संवाद और जनसुनवाई की कमी से जूझ रहा है, जिसके चलते अब राजनीतिक विकल्प बदलने की आवश्यकता महसूस हो रही है।

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि पिछले करीब 15 दिनों में राजाखेड़ा क्षेत्र के नीमडाडा, शाला चंगोरा और अब पहाड़ी गांव में भाजपा के समर्थन में सदस्यता अभियान और स्वागत कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। इसे ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा की बढ़ती सक्रियता और कांग्रेस के कमजोर पड़ते जनाधार के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में रामबरन त्यागी, रामवीर त्यागी, पूरन त्यागी, हेमंत त्यागी, गिर्राज त्यागी, वीरेंद्र त्यागी, सरवन त्यागी और ब्रजकिशोर त्यागी सहित कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान किसान संगठन से जुड़े हरिओम शर्मा, लटूरचंद त्यागी, हुकुम सिंह लोधा, मनियां मंडल अध्यक्ष रामावतार त्यागी, मरेना मंडल अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, शिवसिंह त्यागी, मुकेश शर्मा, रमेश शर्मा, राजेश त्यागी, जसवंत त्यागी, राजेश जाटव और केके शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मंच संचालन केके त्यागी ने किया। स्थानीय राजनीतिक जानकारों का मानना है कि गांवों में बढ़ती राजनीतिक बेचैनी अब खुलकर सामने आने लगी है। भाजपा गांव-गांव संपर्क अभियान के जरिए इस असंतोष को अपने पक्ष में बदलने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि वह राजाखेड़ा क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्ष करती है।

## बसेड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 1.46 किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बसेड़ी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 किलो 460 ग्राम गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की बाजार कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस अब गांजे की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। यह कार्रवाई भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चन्द विश्नोई एवं धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी श्रवण कुमार तथा वृत्ताधिकारी नरेन्द्र मीणा के सुपरविजन में बसेड़ी थानाधिकारी बालकृष्ण चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार 16 मई को थाना पुलिस गश्त के दौरान लैबडापुरा क्षेत्र में पहुंची थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कपड़े के थैले में गांजा लेकर पार्वती नदी की ओर से कान्हा का नगला गांव की तरफ जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम श्यामसुन्दर निवासी कान्हा का नगला थाना बसेड़ी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कपड़े के थैले से 1 किलो 460 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। आरोपी गांजे के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर गांजा जब्त कर लिया। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में गांजा सौंधी के पंडित नामक व्यक्ति से लाना बताया है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनकी दो मोटरसाइकिलें एमवी एक्ट में जब्त कीं। वहीं शांतिभंग के आरोप में तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
18 मई, 2026

## प्रतिभा सम्मान समारोह में रोचक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर झूमे विद्यार्थी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सुजानगढ़ की ओर से सोना देवी सेठिया पीजी कॉलेज में वीर बाला काली बाई प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शहर सहित छापर, जसवंतगढ़, सालासर के करीब 400 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले, राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिभाएं और प्रतियोगी परीक्षा पास करने वाले युवा शामिल थे। कार्यक्रम में डॉ. रवींद्र भांभू, प्रिंसिपल डॉ. साधना सिंह, रामबिहारी पुजारी, एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उत्तम चौधरी, प्रांत मंत्री शुभेंद्र सिंह निर्वाण, नगर सह मंत्री आस्था स्वामी, श्याम स्वर्णकार मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलन से की। मुख्य वक्ता शुभेंद्र सिंह निर्वाण ने अपने संबोधन में कहा कि एबीवीपी ने इतिहास में देशभक्ति के आयाम स्थापित किए हैं। एबीवीपी ने एक जिम्मेदार छात्र संगठन की भूमिका निभाते हुए हमेशा छात्रहित में काम किया है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान समारोह में प्रतिभाओं के सम्मान से युवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी। समारोह में छात्राओं ने जोरदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं प्रांत छात्रावास सह संयोजक विशाल सोनी, जिला संयोजक जय सिंह राठौड़, नगर मंत्री शुभम प्रजापत, विभाग छात्रा प्रमुख रमा शेखावत, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रामरतन सियाग, राहुल सामरिया, संगठन मंत्री, सुनील कुमावत ने संभाली।

## पूर्व विधायक महर्षि ने की जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** भाजपा कार्यालय में रविवार को पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई में उपस्थित लोगों ने पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा व अन्य समस्याओं से महर्षि को अवगत करवाया, जिस पर महर्षि ने संबंधित अधिकारियों से टेलीफोन पर वार्ता कर अविलंब समस्याओं के समाधान के लिए कहा। जनसुनवाई के दौरान एवं दिव्यांग व्यक्ति के प्रमाण पत्र से जुड़े प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए महर्षि ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई के दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में लोग व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीटीएनटी सर्वेक्षण को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय, कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार जयपुर शहर में घुमंतु, अर्द्धघुमंतु एवं विमुक्त जातियों (डीटीएनटी) के सर्वेक्षण कार्य को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कलेक्टर की ओर से जारी आदेशों के तहत शहर क्षेत्र में यह सर्वेक्षण 15 मई से 26 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने सर्वेक्षण कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए नगर निगम जयपुर शहर के सभी उपायुक्तों, उपखंड अधिकारियों (एसडीएम) और तहसीलदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन की ओर से सर्वेक्षण को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए वार्डवार प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी, सर्वेक्षक और पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि सर्वेक्षण कार्य पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वेक्षण से वंचित न रहे। अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग, आपसी समन्वय और तय समय सीमा में सर्वेक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का मानना है कि इस सर्वेक्षण से घुमंतु, अर्द्धघुमंतु व विमुक्त जातियों के वास्तविक आंकड़े सामने आएंगे, जिससे इन समुदायों के लिए संचालित सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा। जिला प्रशासन ने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सर्वेक्षण टीम को सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

## 43 पव्वे शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एएसआई जगदीश कमार ने सालासर रोड स्थित सब्जी मंडी के सामने से बाईक पर सवार कैलाशदान निवासी बोबासर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 43 पव्वे देशी सादा मदिरा के जप्त किए हैं, जिनके बेचने के लिए आरोपी के पास कोई वैद्य लाईसेंस नहीं मिला। पुलिस ने बाईक भी जप्त की है।

## दुकान में घुसकर मारपीट करने मामले में पिता- पुत्र गिरफ्तार

**मंडावा(निस)।** मारपीट के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीआई रामनारायण चोयल ने बताया कि बहादुरवास गांव में दुकान में घुसकर मारपीट करने के प्रकरण में फरार आरोपीगण अमरचंद व सुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया।परिवादि ने 1 मई को थाने में मारपीट का मामला दर्ज कराया था। अमीलाल सउनि मामले की जांच कर रहे थे। जिस पर पुलिस ने दुकान में घुसकर मारपीट करने के प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने पिता-पुत्र अमरचंद पुत्र शिवनाथ सिंह निवासी बहादुरवास व सुरजीत सिंह पुत्र अमरचंद निवासी बहादुरवास को प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।

## खेत की डिग्गी में डूबने से युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

### दोस्तों संग पार्टी करने गया था युवक

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** बीदासर कस्बे में खेत की पानी की डिग्गी में डूबने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 निवासी राजूराम रेगर शनिवार दोपहर अपने दोस्तों के



साथ निमाणा धोरे के पास स्थित एक खेत में पार्टी करने गया था। बताया जा रहा है कि पार्टी के दौरान वह खेत में बनी पानी की डिग्गी में नहाने के लिए उतरा, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू किया गया। करीब तीन घंटे तक प्रयास के बावजूद सफलता नहीं मिलने पर तहसीलदार अमर सिंह बौचला मौके पर पहुंचे। बाद में सुजानगढ़ क्षेत्र के गुलेरिया गांव से गोताखोर चांदरत्न गुलेरिया को बुलाया गया। रात करीब 9:23 बजे अंडर वाटर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया और लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद रात 10:27 बजे युवक को डिग्गी से बाहर निकाला गया। उसे तुरंत राजकीय टांटिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया। रविवार सुबह अस्पताल परिसर में परिजनों और समाज के लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया और मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। सूचना पर डीएसपी नेमीचंद चौधरी मौके पर पहुंचे और परिजनों से समझाइश की। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

**पिता ने लगाया सुनियोजित हत्या का आरोप**

मृतक के पिता छगनलाल ने रिपोर्ट में बताया कि घटना ग्राम हरिनगर की रोही स्थित गोविंदराम के खेत में हुई। खेत में सिंचाई के लिए बड़ी पानी की डिग्गी बनी हुई है और खेत कास्तकारी के लिए मोटाराम भामू को किराये पर दिया गया था।
रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि राजूराम अपने दोस्तों सुरेश लुहार और चुन्नीलाल दर्जी के साथ करीब 20 बीयर लेकर खेत में गया था। वहां पहले से मोटाराम मौजूद था। परिजनों का आरोप है कि कुछ दिन पहले राजूराम और गोविंदराम के बीच विवाद हुआ था। उसी रंजिश के चलते पार्टी के बहाने बुलाकर शराब पिलाई गई और बाद में उसे डिग्गी में धक्का देकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## मेगा हाईवे पर दर्दनाक हादसा: वाहन ने बाइक सवार को कुचला, युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** रतनगढ़- सरदारशहर मेगा हाईवे पर शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक



सवार युवक की मौत हो गई। हादसा राणासर बीकान गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक युवक को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अजीतसर निवासी 34 वर्षीय रामनिवास जाट के रूप में हुई है। रविवार को पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।
एसआई ओमप्रकाश यादव ने बताया कि मृतक के छोटे भाई ओमप्रकाश जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया गया कि रामनिवास सरदारशहर में कपड़े की दुकान चलाते थे और प्रतिदिन गांव अजीतसर से बाइक पर आना-जाना करते थे। शनिवार शाम वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर बाइक से गांव लौट रहे थे।
रात करीब आठ बजे जब वह राणासर बीकान गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक रामनिवास को कुचलते हुए फरार हो गया। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से घायल रामनिवास को तत्काल निजी वाहन से सरदारशहर के राजकीय उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य सुरागों के आधार पर वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, जबकि गांव के लोग परिवार को ढांढस बंधाते नजर आए।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और दूध की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के पास स्थित पेट्रोल पंप पर महिला कांग्रेस की ओर से अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा के आह्वान पर व प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह के निर्देश पर जिलाध्यक्ष सुनीता कपूरिया के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और दूध की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई की मार ने आमजन का जीना दुभर कर दिया है और रसोई से लेकर रोजमर्रा के खर्च के लिए हर वर्ग प्रभावित हो रहा है। जिलाध्यक्ष सुनीता कपूरिया ने कहा कि पेट्रोल-डीजल व सीएनजी की कीमतों में लगातार वृद्धि होने से परिवहन महंगा हो रहा है, जिसका सीधा असर खाद्य सामग्री और




आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। वहीं दूध जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम बढ़ने से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। महिला कांग्रेस आमजन से जुड़े मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रही है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर विरोध प्रदर्शन करने वालों में महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष बलकेश बानो, शर्मिला भाकर, संतोष मेहरा, संतोष लुहार, सकीला बानो, उपाध्यक्ष शुगरा बानो, सबीना बानो, सरोज सहारण, सीमा कुमारी, कविता कुमारी, सरिता, लक्ष्मी देवी, शशिकला सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रही।

### भीषण गर्मी में मानवता की अच्छी मिसाल

## नि:शुल्क ऑटो शीतल जल सेवा का किया शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में भीषण गर्मी, तेज धूप और लगातार बढ़ते तापमान के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बीकानेर रोड़ मार्केट यूनियन ने रविवार को एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए नि:शुल्क ऑटो शीतल जल सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया। शहरवासियों की सुविधा और मानव सेवा के भाव से शुरू की गई यह सेवा पूरे गर्मी के मौसम में लगातार संचालित की जाएगी। मीडिया प्रभारी हेमंत पारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि यूनियन की ओर से विशेष रूप से तैयार किए गए ऑटो के माध्यम से शहर के प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, मुख्य मार्गों तथा सार्वजनिक स्थानों पर राहगीरों, मजदूरों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को शीतल और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। बढ़ती गर्मी के बीच यह सेवा लोगों के लिए बड़ी राहत की साबित होगी। इस सेवा का शुभारंभ निवर्तमान प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित की ओर से विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में प्यासे लोगों को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने बीकानेर रोड़ मार्केट यूनियन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बीकानेर रोड़ के व्यापारी हमेशा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं और यह सेवा




भी समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी। यूनियन अध्यक्ष मांगीलाल पुनियां ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल व्यापारिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है बल्कि समाज सेवा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक राहत पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस कठिन दौर में लोगों को ठंडा व स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना मानवता की सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में यूनियन मंत्री नरेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष गिरधारी सैनी, कोषाध्यक्ष सुनील राजपुरोहित, मांगीलाल पारीक, गोपीचंद शर्मा, परमेश्वर पारीक, लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित, सुभाष जाट, रामनिवास शर्मा, विकास सारण सहित यूनियन के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में यह शीतल जल सेवा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से संचालित की जाएगी ताकि भीषण गर्मी में अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल सके।

## सड़क किनारे खड़े पेड़ व टूटी सड़क बनी जी का जंजाल

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** रतननगर-चूरू रोड़ पर जिला प्रशासन व सार्वजनिक निर्माण विभाग की लापरवाही आमजन पर भारी पड़ती नजर आ रही है। बता दें कि इस सड़क के किनारे खड़े कीकर के पेड़ एकदम सड़क पर आ चुके हैं। इस रोड़ पर कभी भी चलते वाहन के सामने पेड़ों के बीच से कोई भी पशु-पक्षी अचानक निकलकर सड़क पर आ जाते हैं, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी हुई रहती है। दूसरी और यह रोड़ भी जगह-जगह से टूट चुकी है, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग का इस और कोई ध्यान नहीं जा रहा है। इस बार गत 22 अप्रैल को जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चूरू दौरे पर आए थे तो उनके साथ में कई बड़े नेता गाड़ियों में भी आए थे, उसको देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग ने आनन फानन में जयपुर पुलिया व आरटीओ ऑफिस के सामने बने मोटे गड्ढों को एक बार तो भर दिया, लेकिन अब वहीं स्थिति दुबारा हो गई, लेकिन चूरू से रतन-नगर तक यह सड़क कई जगह से टूट चुकी है। इस रोड़ पर अधिकांश जगह सड़क के बीचों-बीच इतनी बड़ी झिरिया हो चुकी है, इनके बीच बीच में बाइक का टायर आ जाने के कारण



कई बार इसमें बड़े हादसे हो चुके हैं कई बार बाइक सवार गिरकर इसमें चोटिल हो चुके हैं। गौरतलब है कि इस मार्ग से आये दिन आला अधिकारी व जनप्रतिनिधि यहां से गुजरते है, फिर भी इस और किसी की भी आंखे नहीं खुल रही है, हो सकता है यह किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हो। वाहन चालकों का कहना है कि प्रशासन को सड़क किनारें इन पेड़ों को हटाना चाहिए और रात के समय में यह टूटी हुई सड़क लाइटों की वजह से दिखाई नहीं देती है, यदि इन टूटी सड़क की मरम्मत नहीं करवायी गयी, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

## राजस्थान के 2.60 लाख किसानों को मिलेगा अनुदानित बीज, 135 करोड़ की योजना मंजूर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार ने दलहनी और तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए 135 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत राजस्थान के करीब 2 लाख 60 हजार किसानों को मूंग, उड़द, अरहर, सोयाबीन, सरसों, तिल और अरंडी जैसी फसलों के प्रमाणित एवं अनुदानित बीज नि:शुल्क अथवा रियायती दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल ने बताया कि नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-तिलहन एवं दलहन योजना के अंतर्गत यह राशि स्वीकृत की गई है। योजना का उद्देश्य किसानों को उन्नत गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराकर दलहन एवं तिलहन फसलों की उत्पादकता बढ़ाना और किसानों की आय में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रदेशभर में 70 हजार फसल प्रदर्शनों का आयोजन भी किया जाएगा। इन प्रदर्शनों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों और बेहतर उत्पादन पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी, जिससे खेती की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि यह योजना केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत संचालित की जा रही है। योजना पर होने वाला कुल 135 करोड़ रुपये का व्यय केंद्र सरकार की नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल योजना के माध्यम से वहन किया जाएगा उन्होंने बताया कि बीज वितरण और फसल प्रदर्शन कार्यक्रमों की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## युवाओं ने श्रमदान कर साफ की पेयजल टंकी, दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)** ।सिरियासर कलां गांव में युवाओं ने श्रमदान कर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। मेघवाल बस्ती स्थित पेयजल टंकी की वर्षों बाद सफाई कर युवाओं ने गांव में स्वच्छता और जनसेवा का संदेश दिया। सामाजिक कार्यकर्ता समसाद खान ने बताया कि इस टंकी से सैकड़ों घरों में पेयजल सप्लाई होती है, लेकिन लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण टंकी के तल में गंदगी और मिट्टी जमा हो गई थी। इससे पानी की आपूर्ति प्रभावित होने लगी थी और भविष्य में बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया था। इसके बाद रोहिताश जाखल एवं राजाराम मीणा के नेतृत्व में युवाओं ने सफाई अभियान शुरू किया। युवाओं ने घंटों मेहनत कर टंकी की अंदर से सफाई की और करीब एक डंपर मिट्टी एवं कचरा बाहर निकाला। इस दौरान समाजसेवी बंशीधर गर्वा ने श्रमदान कर रहे युवाओं को जूस पिलाकर



उत्साहवर्धन किया। अभियान में कमलेश कुमार, सुनील मीणा, बजरंग, भण्डारी, सहीराम, मुकेश, टोनी एवं सत्यवीर सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। अंत में समसाद खान ने सभी श्रमदानियों का आभार व्यक्त किया। युवाओं ने भविष्य में भी गांव हित और समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

## साइबर धोखाधड़ी के 15 लाख रुपये पुलिस ने करवाए रिफंड

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले के रतनगढ़ थाना क्षेत्र में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की एजेंसी दिलाने के नाम पर हुई 15 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में पूरी राशि वापस ट्रांसफर करवाई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक (साइबर क्राइम) जयपुर और पुलिस अधीक्षक चूरू निश्चय प्रसाद के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान 'म्यूल हंटर' के तहत अमल में लाई गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजानगढ़ सतपाल सिंह और वृताधिकारी रतनगढ़ इनसार अली के सुपरविजन तथा थानाधिकारी गौरव खिड़िया के निर्देशन में पुलिस टीम को यह सफलता मिली है। घटना के अनुसार, रतनगढ़ निवासी मंजू कंवर और उनके पति गोविंद सिंह ने जुलाई 2025 में गूगल पर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की एजेंसी के लिए विज्ञापन देखकर तेलंगाना की पीयूआरई एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का फॉर्म भरा था। इसके बाद कंपनी के प्रतिनिधियों ने डीलरशिप और माल डिलीवरी के नाम पर उनसे अलग-अलग किस्तों में कुल 15 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। राशि प्राप्त होने के बाद कंपनी ने न तो माल की डिलीवरी दी और न ही संतोषजनक जवाब दिया, जिसके बाद पीड़ितों ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। रतनगढ़ थाना पुलिस की टीम ने साइबर पोर्टल 1930 के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित खातों की केवाईसी और स्टेटमेंट हासिल किए। विभिन्न बैंकों और नोडल अधिकारियों से संपर्क कर विवादित 15 लाख रुपये की राशि को तुरंत होल्ड करवाया गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान सहायक उप निरीक्षक रामनिवास द्वारा किया गया। जांच में सामने आया कि कंपनी ने परिवादी की फर्म 'कृष्णा बिजनेस एवं प्रॉपर्टीज' को कोई माल डिलीवर नहीं किया था, जबकि कंपनी द्वारा लगातार झूठे दावे किए जा रहे थे। अनुसंधान अधिकारी द्वारा मामले को सिविल नेचर में प्रमाणित मानते हुए अंतिम रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद पीड़ित पक्ष की ओर से अदालत एसीजेएम रतनगढ़ से आदेश प्राप्त करने पर रतनगढ़ थाना पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई करते हुए 15 लाख रुपये की संपूर्ण राशि परिवादिया के खाते में सुरक्षित हस्तांतरित करवा दी। इस पूरी रिफंड प्रक्रिया में कांस्टेबल महेंद्र और कांस्टेबल मुकेश की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने इस सफलता के साथ ही आमजन के लिए साइबर एडवाइजरी भी जारी की है। पुलिस के अनुसार, किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवानी चाहिए। आमजन को जागरूक रहने की सलाह देते हुए पुलिस ने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, सोशल मीडिया अकाउंट्स पर टू-स्टेप-वेरिफिकेशन ऑन रखें, और किसी अनजान नंबर से आने वाले वीडियो कॉल को स्वीकार न करें। इसके अलावा, व्हाट्सएप पर आई अनजान एपीके (ड्ढश्चद्व) फाइल इंस्टॉल न करने, बैंक खाते में संदिग्ध राशि का लेनदेन न करने, और अपनी निजी जानकारी जैसे ओटीपी, पिन या एटीएम कार्ड किसी के साथ साझा न करने की अपील की गई है। वर्तमान में चल रही जनगणना के नाम पर आने वाले फर्जी कॉल या फाइलों से भी सावधान रहने की हिदायत दी गई है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।